
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी

महेश बाबू ने लॉन्च किया ......



सारा अर्जुन ने शेयर की ........

वर्ष : 12 | अंक : 56 | लखनऊ, 17 फरवरी, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# विकास को नई गति देगी एआई, दुनिया भर के लोगों को मिलेगा लाभ

*एआई इंपैक्ट समिट 2026 में बोले ब्रिटेन के डिप्टी पीएम*

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

*ब्रिटेन के डिप्टी पीएम ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है*

*जापान सरकार एआई उद्योग और कंपनियों के मॉडल विकसित कर रही*

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार की शाम को एआई इंपैक्ट समिट का उद्घाटन किया। इस समिट में दुनियाभर से कई नेता शामिल हुए। ब्रिटेन के डिप्टी पीएम डेविड लैमी और एआई मंत्री कनिष्क नारायण के नेतृत्व में ब्रिटेन का प्रतिनिधिमंडल भारत आया हुआ है। इस अवसर पर लैमी ने कहा कि एआई इंपैक्ट समिट के दौरान ब्रिटेन का ध्यान इस बात पर रहेगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) किस प्रकार विकास को गति दे सकती है, नए रोजगार सृजित कर सकती है, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार कर सकती है और दुनिया भर के लोगों को लाभ पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि हम एआई के पूर्ण लाभों और क्षमता को उजागर करने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर कैसे काम कर सकते हैं। साथ ही साथ मजबूत और निष्पक्ष सुरक्षा मानकों को शामिल कर सकते हैं जो हम सभी की रक्षा करते हैं। भारत के विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसआईटी) ने कहा कि भारत और ब्रिटेन 'स्वाभाविक तकनीकी साझेदार' हैं और इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और विप्रो जैसी सॉफ्टवेयर दिग्गज कंपनियां पूरे यूके में अपने परिचालन का विस्तार कर रही हैं।



डिप्टी पीएम डेविड लैमी

वहीं जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय (एमईटीआई) के उप निदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) ताकुमी मियाकावा ने कहा कि जापान में भी एआई को लेकर नई सरकार काफी गंभीर है। उन्होंने बताया कि जापान की पीएम भी एआई के महत्व पर जोर दे चुकी हैं। जापान सरकार अपने एआई उद्योग और कंपनियों को मॉडल विकसित करने में सहयोग दे रही है।

## भारत एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में: पीएम मोदी



पीएम मोदी को जियो प्लेटफार्म की एआई सेवाएं बताते आकाश अंबानी

पीएम नरेंद्र मोदी ने एआई इंडिया इंपैक्ट समिट में आए वैश्विक प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की शक्ति, मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक शोध के कारण भारत आज एआई परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने इसे देश के युवाओं की क्षमता का प्रमाण बताते हुए कहा कि भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और जिम्मेदार व समावेशी तरीके से वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस समिट में मानवता की सेवा, समावेशी विकास को गति देने और धरती की रक्षा करने वाले जन-केंद्रित नवाचारों को प्रोत्साहित करने में एआई की प्रभावी भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एआई इंपैक्ट समिट की दी बधाई

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने ग्लोबल साउथ में होने वाले पहले इंडिया एआई इंपैक्ट समिट की बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इंपैक्ट समिट शुरू हो रहा है। भारत, लोगों को सबसे पहले रखने वाला, लोकतांत्रिक एआई भविष्य को आकार देने की कोशिशों में सबसे आगे है। यह समिट की थीम, 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' में भी दिखता है। एआई के विकास के केंद्र में पब्लिक गुड, एक्सेसिबिलिटी और वैश्विक सहयोग को रखकर, भारत वैश्विक उत्तर की तकनीकी ताकत को ग्लोबल साउथ के स्केल और पोटेंशियल से जोड़ना चाहता है, जिससे दुनिया भर में सबको साथ लेकर चलने वाली और शेयर्ड प्रोग्रेस हो सके।



सीपी राधाकृष्णन

### एआई अपनाने में देरी न करें, इसे रोजगार से जोड़ेः नागेश्वरन

भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाना अपने आप नहीं होगा, इसके लिए स्पष्ट रणनीति और बड़े पैमाने पर रोजगार के साथ तकनीक को जोड़ने की प्रतिबद्धता जरूरी है। उन्होंने कहा कि देशों को निर्णायक कदम उठाते हुए मजबूत शिक्षा व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता वाले कौशल विकास, श्रम-प्रधान सेवा क्षेत्रों का विस्तार और नियामकीय बाधाओं को दूर करने पर ध्यान देना होगा। एआई को अपनाने की प्रक्रिया एक सहयोगात्मक प्रयास होनी चाहिए, जिसमें निजी क्षेत्र, अकादमिक जगत और नीति-निर्माताओं की संयुक्त भागीदारी जरूरी है। उन्होंने इसे 'टीम इंडिया' का सामूहिक प्रयास बताया।



वी. अनंत नागेश्वरन

### एआई से छात्रों को मेडिकल ई-बुक्स देंगेः डॉ. श्रीनिवास

एआई इंपैक्ट समिट में स्वास्थ्य मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (मेडिकल एजुकेशन) डॉ. बी. श्रीनिवास ने कहा कि दूरदराज के मेडिकल कॉलेजों के छात्रों को ई-बुक्स, डिजिटल क्लिनिकल मैटेरियल और तकनीकी अध्ययन सामग्री पहुंचाने के लिए सरकार एआई की मदद से इन छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री पहुंचाने की रणनीति बना रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल मेडिकल लाइब्रेरी के जरिए ई-बुक्स और डिजिटल क्लिनिकल कंटेंट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पहल के पहले चरण में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 57 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को शामिल किया जाएगा।

### एआई पेशेवरों की मांग पूरा करेगा भारत

विशेषज्ञों का मानना है कि यूरोप, अमेरिका, चीन और एशिया के बीच प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत अपने डिजिटल मॉडल जैसे आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क को एक संतुलित और समावेशी विकल्प के रूप में पेश करता रहा है। भारत को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में एआई पेशेवरों की दुनिया में मांग तेजी से बढ़ेगी और अपनी विशाल युवा आबादी तथा आईटी कौशल के दम पर वह इस जरूरत को पूरा करने वाला प्रमुख स्रोत बन सकता है।

## *भारत ने बनाया एआई पवेलियन*

एआई इंपैक्ट समिट 2026 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पवेलियन के जरिए भारत की एआई क्षमता का प्रदर्शन किया। इस पवेलियन का उद्देश्य भारत के एआई इकोसिस्टम को न केवल वैश्विक प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता के रूप में, बल्कि स्वदेशी, विस्तार योग्य और सामाजिक रूप से प्रासंगिक एआई समाधानों के क्रिएटर्स के रूप में प्रस्तुत करना है। यह पवेलियन, जिसमें वेव्स क्रिएटर्स कॉर्नर स्थित है, एक मीडिया और संवाद स्थल के रूप में डिजाइन किया गया है जहां नीति निर्माता, स्टार्टअप, क्रिएटर्स और उद्योगपति भारत में एआई के विकास पर चर्चा कर सकते हैं। यह पवेलियन स्वास्थ्य सेवा, मीडिया, कंटेंट, शासन और सामाजिक प्रभाव जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय स्टार्टअप और उद्यमियों को प्रमुखता प्रदान करता है।



एआई पवेलियन

### 13 देशों के पवेलियन लगाए गए

एक्सपो में ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड्स, स्विट्जरलैंड, सर्बिया, एस्टोनिया, ताजिकिस्तान और अफ्रीका सहित 13 देशों के पवेलियन लगाए गए हैं, जो एआई क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को प्रदर्शित करेंगे।

### 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन

एक्सपो में 300 से अधिक प्रदर्शनी पवेलियन और लाइव प्रदर्शन होंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तीन प्रमुख विषयो लोग, ग्रह और उन्नति पर आधारित है। लोग के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और नागरिक सेवाओं में एआई का उपयोग दिखाया जाएगा। वहीं ग्रह में पर्यावरण और जलवायु से जुड़े समाधान पेश किए जाएंगे। इसके साथ ही उन्नति में उद्योग, कारोबार और आर्थिक विकास में एआई की भूमिका बताई जाएगी।

## *भारत बनेगा दुनिया का 'एआई प्रोवाइडर': विशेषज्ञ*

### तेजी से बेहतर हो रहे एआई मॉडलः चंदोक

माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंदोक ने कहा कि एआई मॉडल बहुत तेजी से बेहतर हो रहे हैं और अगले तीन वर्षों में इस क्षेत्र में बहुत बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पुनीत चंदोक ने यह बात एआई इंपैक्ट समिट 2026 में आयोजित 'एआई फॉर डिजास्टर मैनेजमेंटः एंटिसिपेटरी, हाइपरलोकल, स्केलेबल' सत्र के दौरान कही। चंदोक ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में एआई ने जिस रफ्तार से प्रगति की है, उससे साफ है कि यह तकनीक तेजी से बदल रही है। उन्होंने बताया कि आज के एआई मॉडल बेहद उन्नत हैं।



पुनीत चंदोक

### एआई से रोजगार खत्म नहीं होंगेः बिखचंदानी

इंफो एज के सह संस्थापक संजीव बिखचंदानी ने कहा कि राजीव गांधी की सरकार के समय कहा गया कि बैंकों में कम्प्यूटरों का इस्तेमाल होगा। तब कहा गया कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन किसी की नौकरी नहीं गई। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल में हमेशा यह डर रहता है कि इससे रोजगार खत्म होंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है। लोगों के पास अब सुनने का समय नहीं है। वे 50 मिनट का पॉडकास्ट नहीं सुन पाते। इसका सार जानने के लिए भी लोग एआई टूल का इस्तेमाल करते हैं। उससे तीन-चार पन्नों का सार निकल जाता है।



संजीव

### 'युवाएआई' के जरिए नई पीढ़ी से जोड़ने की कोशिश



*इस समिट का एक बड़ा आकर्षित 'युवाएआई' कार्यक्रम है। यह एक ग्लोबल यूथ चैलेंज है और इसका उद्देश्य छात्रों और युवा पेशेवरों में एआई को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस चैलेंज में 38 से अधिक देशों से 2,500 से अधिक आवेदन आए थे। इसमें से शीर्ष 20 फाइनलिस्ट का चयन इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा किया गया है, जिसमें 15 टीम भारत से हैं। इन शीर्ष 20 फाइनलिस्ट का चयन 2025 के आखिर में कई राउंड्स की प्रतियोगिता के बाद किया गया था। इन शीर्ष 20 फाइनलिस्ट को इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के जरिए वैश्विक मंच पर अपने इनोवेशन को दिखाने का मौका मिलेगा।*

### भारत के लिए एआई क्रिएटर बनने का अवसरः सभरवाल

कोरोवर एआई और भारतजीपीटी एआई के संस्थापक और सीईओ अंकुश सभरवाल ने कह कि मौजूदा समय में जो भी ऐप्स आ रहे हैं उनमें एआई का उपयोग हो रहा है। आगे इसमें और बढ़ोतरी होगी। ऐसे हम सभी धीरे-धीरे एआई के यूजर बनेंगे। ऐसे में एआई भारत के लिए क्रिएटर बनने का बड़ा अवसर है, क्योंकि इससे सॉल्यूशंस बनाना आसान हो गया है, अब केवल इंजीनियर ही नहीं कोई व्यक्ति भी



अंकुश

### कृषि क्षेत्र में एआई काफी बदलाव लाएगाः सेठी

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के राष्ट्रीय तकनीकी समन्वयक संजय सेठी ने कहा कि कृषि क्षेत्र में एआई काफी बदलाव ला सकता है। यह मौसम को समझने, खेती के समय सही आवश्यकताओं का अनुमान लगाने और खाद्य श्रृंखला को छोटा करने में काफी मदद कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दो से तीन वर्षों में कृषि क्षेत्र पर एआई का प्रभाव अधिक देखने को मिलेगा।



संजय सेठी

### *विदेशी प्रतिनिधि कर सकेंगे यूपीआई पेमेंट*

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने घोषणा की कि उसने 'यूपीआई वन वर्ल्ड' वॉलेट सेवा को एआई समिट में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों के लिए बढ़ा दिया है। 40 से ज्यादा देशों से आए प्रतिनिधि अब भारत में अपने प्रवास के दौरान आसानी और सुरक्षित तरीके से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इस पायलट पहल के तहत विदेशी यात्री बिना भारतीय मोबाइल नंबर या स्थानीय बैंक खाते के भी यूपीआई के जरिए रियल-टाइम पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतान कर सकेंगे। इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मेहमान भारत की संस्कृति, खरीदारी और खानपान का आनंद लेते हुए 'मेड इन इंडिया' डिजिटल पेमेंट तकनीक का उपयोग कर सकेंगे। यूपीआई वन वर्ल्ड' वॉलेट अधिकृत प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (पीपीआई) जारीकर्ताओं के माध्यम से नई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और भारत मंडपम के हॉल 14 में स्थित एनपीसीआई पवेलियन पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जहां यह सम्मेलन हो रहा है।



यूपीआई

---

## खबर संक्षेप

### अहमदाबाद के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में उस समय हड़कंप मच गया, जब कई स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जानकारी सामने आते ही स्कूल प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग और पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने पुष्टि की है कि, अहमदाबाद के कई स्कूलों को धमकी भरे मेल प्राप्त हुए हैं। धमकी भरे ईमेल की भाषा बेहद आपत्तिजनक और डर फैलाने वाली है। मेल में लिखा गया है कि, भारत को खालिस्तान बनाया जाएगा।



### अबू सलेम को अदालत से नहीं मिली राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1993 मुंबई बम धमाकों के आरोपी और कुख्यात गैंगस्टर अबू सलेम की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें उसने खुद को तुरंत रिहा करने की मांग की थी। सलेम का दावा है कि वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और पिछले 10 महीनों से उसे गैर-कानूनी हिरासत में रखा गया है। जस्टिस विक्रम नाथ व जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि वे इस मामले को बॉम्बे हाई कोर्ट में ही उठाएं। हाई कोर्ट ने अभी सिर्फ अंतरिम राहत देने से मना किया है।



# नए आपराधिक कानूनों को बताया उपलब्धि माओवादी हिंसा खत्म होने का भरोसा जताया

*दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री*

*गृह मंत्री अमित शाह ने 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया*

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस परेड समारोह में कहा आने वाले समय में देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इससे देश में आपराधिक मामलों में सजा की दर 80 फीसदी बढ़ जाएगी। यह कानून लागू होने के बाद मामलों का निपटारा करने और सजा की दर को बढ़ाने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने कहा माओवादी हिंसा के खिलाफ लड़ाई अपने आखिरी दौर में है और इस वर्ष मार्च तक यह खतरा हमेशा के लिए खत्म होने का भरोसा जताया। इस अवसर पर उन्होंने 10 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

## सेफ सिटी प्रोजेक्ट के प्रथम चरण का किया शुभारंभ



स्थापना दिवस परेड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह परियोजनाओं का शुभारंत करते हुए

गृह मंत्री ने स्पेशल सेल के लिए एक इंटीग्रेटेड हेडक्वार्टर और सेफ सिटी प्रोजेक्ट का पहले फेज की भी शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सेफ सिटी प्रोजेक्ट के पहले फेज के तहत, 10,000 एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों में से 2,100 को निगरानी नेटवर्क से जोड़ा गया है। साथ ही, पहले से मौजूद 15,000 सीसीटीवी कैमरों को भी इसके साथ जोड़ गया है। देश की राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### दिल्ली देश के लोकतंत्र की धड़कन

शाह ने कहा कि दिल्ली केवल एक शहर नहीं है, बल्कि हमारे देश के लोकतंत्र की धड़कन है। यह राष्ट्र के स्वाभिमान और अस्मिता का केंद्र है। राजधानी होने के कारण यहां की सुरक्षा व्यवस्था का स्तर सर्वोच्च होना अत्यंत आवश्यक है। दिल्ली में अनेक कूटनीतिक बैठकें, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन होता है। साथ ही यहां राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास है। इन सभी महत्वपूर्ण संस्थानों और आयोजनों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस की जिम्मेदारियां और भी अधिक बढ़ जाती हैं।

### स्पेशल सेल की अहम भूमिका

अमित शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नशीले पदार्थों के सिंडिकेट, जाली भारतीय मुद्रा नोटों के गिरोह, जटिल साइबर अपराधों और संगठित अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की है। इतना ही नहीं, आतंकवादी घटनाओं की जांच में भी स्पेशल सेल ने सफल और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अंग्रेजों के कानून निरस्त किए

शाह ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा लगभग 150 साल पहले बनाए गए कानूनों को निरस्त कर हमने न्याय-केंद्रित प्रणाली स्थापित की है। इन कानूनों के देश भर में पूर्ण क्रियान्वयन के बाद, देश में हुए अपराध में 3 साल के भीतर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय दिलाना हम सुनिश्चित करेंगे। नए कानूनों के पूरी तरह लागू होने के बाद दोष सिद्धि दर को हम 80 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होंगे।

## जयशंकर, कनाडाई विदेश मंत्री से मिले

### ऊर्जा, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। सितंबर 2025 के बाद से यह उनकी पांचवीं मुलाकात थी। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति पर जोर दिया। कनाडा सरकार ने बयान में कहा कि विदेश मंत्री अनीता आनंद ने जर्मनी में म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस के मौके पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर से मुलाकात की। सितंबर 2025 के बाद से मंत्रियों के बीच यह पांचवीं मीटिंग है, जो कनाडा-भारत के संबंध में बढ़ती रफ्तार को दिखाती है। और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर बनी है। मंत्रियों ने ऊर्जा, तकनीक और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की।

### भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

बयान में कहा गया कि मंत्री आनंद ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते कनाडा के लिए एक साझेदार के तौर पर भारत की अहमियत पर ध्यान दिया। दोनों नेताओं ने व्यापार, उद्योग और श्रमिक के लिए साझा तकनीकी फायदों और साझेदारी के बड़े मौकों की पुष्टि की। दोनों पक्षों ने अक्टूबर 2025 में घोषित कनाडा-भारत संबंधों के लिए जॉइंट रोड मैप पर हुई ठोस प्रगति पर भी जोर दिया और रोड मैप की प्राथमिकताओं को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक मजबूती और स्थिरता के लिए कनाडा-भारत व्यापार को बढ़ाने और उसमें विविधता लाने के लिए अपना वादा दोहराया। वहीं जयशंकर ने कहा कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। भारत-कनाडा के संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

## अमेरिका की इंडो-पैसिफिक कमांड के प्रमुख और राजदूत गोर ने किया पश्चिमी सैन्य कमांड का दौरा

*प्रतिनिधिमंडल को सेना के पूर्व अभियानों, भावी मार्ग और कमांड की क्षमताओं के बारे में दी गई जानकारी*

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए चिंताजनक सुरक्षा हालातों के बीच सोमवार का दिन भारत-अमेरिका की रक्षा साझेदारी और कूटनीतिक सहयोग के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हुआ। जिसके पीछे की एक बड़ी वजह रही अमेरिका की इंडो-पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे. पापारो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्गियो गोर का भारतीय सेना की चंडीगढ़ स्थित पश्चिमी कमांड मुख्यालय का किया गया दौरा है। सेना के सार्वजनिक सूचना निदेशालय (एडीजीपीआई) और अमेरिका के राजदूत सर्गियो गोर ने एक्स पर पोस्ट के जरिए इस बाबत जानकारी साझा की है। वहीं, रक्षा सूत्रों ने बताया कि अमेरिका के इस प्रतिनिधिमंडल की भारत की सेना की कमांड की इस यात्रा का संबंध दोनों देशों के बीच स्थापित रक्षा गतिविधियों के मद्देनजर किया गया है। अमेरिकी राजदूत की एक्स पोस्ट के साथ ही सोशल मीडिया पर मामले में दिखाई पड़ी तीखी प्रतिक्रिया के जवाब में सूत्रों ने कहा कि अमेरिका की नौसैन्य कमांड के मुखिया पूर्व में देश की नौसेना की कमांड की यात्रा कर चुके हैं। इस बार निवेदन सेना की कमांड को लेकर किया गया था।



### रणनीतिक सुरक्षा पर चर्चा हुई

सेना ने एक्स पोस्ट में कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सेना की पश्चिमी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने देश के पश्चिमी मोर्चे पर रणनीतिक सुरक्षा गतिशीलता के मुद्दे पर जरूरी चर्चा की है। इस दौरान उन्हें कमांड के परिप्रेक्ष्य के बारे में व्यापक रूप से जानकारी दी गई, जिसमें परिचालन तत्परता, विशिष्ट विरासत और ऑपरेशन सिंदूर का निष्पादन, राष्ट्र निर्माण और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत बनाने में निभाई जा रही भारतीय सेना की भूमिका से भी अवगत कराया गया। अमेरिका के राजदूत ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि अभी-अभी चंडीगढ़ पहुंचा हूं। भारतीय सेना की पश्चिमी कमांड का दौरा करने के लिए उत्सुक हूं।

### बेंगलुरु भी जाएंगे दोनों अमेरिकी अधिकारी

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की बेंगलुरु जाने की भी योजना है। जहां पर यह दोनों तीन स्टार्टअप का दौरा करेंगे और भारत-अमेरिका सम्मेलन में भी शिरकत करेंगे। स्टार्टअप में से दो स्पेस श्रेणी के हैं और एक का संबंध रक्षा क्षेत्र से है। एडमिरल पापारो बेंगलुरु स्थित भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख रक्षा उपक्रम एचएएल की यात्रा भी कर सकते हैं।

## संक्षेप

### शिक्षा की नींव जितनी मजबूत, भविष्य उतना ही सशक्त

**गुरुकुल किड्स प्ले स्कूल के उद्घाटन में पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह सोमवार को वृंदावन सेक्टर-6 स्थित गुरुकुल ड्ढि प्ले स्कूल ह्यबालवाटिकाह्न के उद्घाटन अवसर पर पहुँच कर फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने नन्हे-मुन्ने बच्चों को प्रेरित किया, प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही डिजिटल शिक्षा की महत्वता बताते हुए स्कूल में स्मार्ट क्लास स्थापित करने की भी बात कही।डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आज के युग में डिजिटल साक्षरता अनिवार्य हो चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीकों के तेजी से बढ़ते प्रभाव के बीच बच्चों को प्रारम्भ से ही तकनीकी रूप से सक्षम बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### योगी सरकार में उत्तर प्रदेश का कर संग्रहण बना सुशासन की पहचानः डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश में कर तंत्र में अभूतपूर्व सुधार और संग्रहण वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह अभूतपूर्व वृद्धि, बीजेपी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सशक्त नेतृत्व का प्रत्यक्ष प्रमाण है ।उन्होंने सपा सरकार से तुलना करते हुए बताया कि सपा सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2012झ13 में राज्य का कर राजस्व लगभग ?54,000 करोड़ था, जो 2016झ17 में बढ़कर लगभग ?85,000 करोड़ हुआ। डॉ. सिंह ने बताया कि सपा सरकार के कार्यकाल में प्रशासनिक शिथिलता, भ्रष्टाचार और राजनीतिक संरक्षण के कारण राजस्व तंत्र में व्यापक रिसाव देखने को मिलता था। जिसे वर्तमान भाजपा सरकार ने सख्त निर्णय, पारदर्शी नीतियाँ और भ्रष्टाचार के विरुद्ध शून्य सहनशीलता अपनाकर राजस्व तंत्र को प्रभावी और जवाबदेह बनाया।

# भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ने मनाया अपना 75वाँ स्थापना दिवस

## संस्थान के प्रेक्षागृह में हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई ।भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ का 75वां स्थापना दिवस संस्थान के प्रेक्षागृह में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. के. के. सिंह, पूर्व कुलसचिव, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ रहे। साथ ही डॉ. काजल चक्रवर्ती, निदेशक, भाकृअनुप राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ, तथा डॉ. टी. दामोदरन, निदेशक, भाकृअनुप केंद्रीय उपोष्ण कटिबंधीय बागवानी संस्थान, लखनऊ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. के. के. सिंह ने संस्थान के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की, विशेषकर 50 से अधिक उच्च उत्पादक, जलवायु-सहिष्णु एवं अधिक शर्करा युक्त गन्ना किस्मों के विकास के लिए, जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बेहतर प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने स्किप-फरो तकनीक, बड-चिप तकनीक, समेकित कीट प्रबंधन तथा गुड़ प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से मूल्य संवर्धन में संस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। डिजिटल कृषि को प्रोत्साहन, सहयोगात्मक परियोजनाओं की शुरूआतः उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना, स्टार्ट-अप को समर्थन; जैव-एथेनॉल एवं जैव-प्लास्टिक के क्षेत्र में हरित प्रौद्योगिकी का विकास,प्रभावी अंतःफसली प्रणाली को बढ़ावा, तथा लघु स्तर की गन्ना कटाई मशीन की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करना शामिल है। भाकृअनुप भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान पादप किस्म एवं कृषक अधिकार प्राधिकरण के साथ गन्ने की दस किस्में पंजीकृत की गई। साथ ही, (र) की किस्म पहचान समिति को गन्ना किस्म कोलक 19204 (इक्षु-18) (मध्य देर) के विकसित हेतु एक पहचान प्रस्ताव भेजा गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान संस्थान ने 10,150 क्विंटल बीज गन्ना उत्पादन किया तथा गन्ना विकास परिषद के माध्यम से नई विमोचित किस्में (कोलक 16202 एवं कोलक 15466) की 21 लाख से अधिक एकल कलिकाएं उपलब्ध कराई। इसके अतिरिक्त लगभग 6 लाख कलिकाएं सीधे किसानो को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से वितरित की गई। किस्म कोलक 14201 की अत्यधिक मांग देखी गई, और उपलब्ध संपूर्ण बीज भंडार उत्तर प्रदेश में वितरित किया गया। अनुमान है कि वर्ष 2025-26 तक इसका क्षेत्रफल बढ़कर लगभग 1.72 लाख हेक्टेयर हो जाएगा।उन्होंने संस्थान में नई मशीनरी एवं उन्नत प्रौद्योगिकियों के विकास, पेटेंट एवं कॉपीराइट उपलब्धियों तथा गन्ना एवं चुकंदर अनुसंधान से जुड़े विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग पर भी प्रकाश डाला।साथ ही संस्थान के आउटरीच कार्यक्रमों एवं ब्रीडर सीड उत्पादन गतिविधियों की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. काजल चक्रवर्ती, निदेशक, निदेशक, भाकृअनुप राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ ने कहा कि गन्ना किसानों की आजीविका की आधारशिला है। उन्होंने संस्थान द्वारा गन्ना विकास में किए गए योगदान की प्रशंसा की तथा भविष्य में जैव-एथेनॉल एवं जैव-प्लास्टिक के क्षेत्र में अधिक कार्य कर संस्थान की दृश्यता और प्रभाव बढ़ाने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. टी. दामोदरन, निदेशक, भाकृअनुप केंद्रीय उपोष्ण कटिबंधीय बागवानी संस्थान ने कहा कि भाकृअनुप भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान ने आवश्यकता पड़ने पर सदैव सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने किसानों के लिए उपयोगी जैव-एथेनॉल उत्पादन के क्षेत्र में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता बताई।साथ ही यह भी कहा कि गन्ना अधिक जल-आवश्यकता वाली फसल है, अतः जल संरक्षण के लिए सैसर-आधारित सिंचाई प्रणाली विकसित करना समय की आवश्यकता है।




इस अवसर पर संस्थान के पूर्व विभागाध्यक्ष, पादप कार्यिकी एवं जैव रसायन विभाग डॉ. ए. के. श्रीवास्तव ने गन्नाः भारतीय विरासत' विषय पर स्थापना दिवस व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि गन्ना उन छह फसलों में से एक है, जिन्होंने मानव सभ्यता को गहराई से प्रभावित किया है।उन्होंने बताया कि वेद, पुराण, रावण संहिता, रामायण और महाभारत जैसे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में गन्ने का उल्लेख मिलता है, जो भारत में इसके सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व को दशार्ता है। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी बुलेटिन एवं फोल्डर का विमोचन किया गया तथा संस्थान के कार्मिकों एवं प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। संस्थान के कार्मिकों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनीता सावनानी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी सम्मानित आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# अधिवक्ता के भतीजों पर हमला, दो पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद कस्बे के बशारत तरफदार मोहल्ले में स्थित एक स्कूल के पास रविवार रात अधिवक्ता के दो भतीजों पर लाठी-डंडों और धारदार रॉड से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बख्तयारनगर निवासी अधिवक्ता यूसुफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भतीजे अनस और फैजान रविवार रात स्कूल के पास से गुजर रहे थे।इसी दौरान बशारत तरफदार टोला निवासी शैलेंद्र यादव और करन ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोप है कि दोनों ने लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष के अनुसार हमलावरों ने असलहा मुंह में सटा दिया, जिससे अनस और फैजान को चोटें आईं। मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके




पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया।तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात निकली

## हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा इलाका

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद के मधवापुर गांव में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया।पूरे गांव में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व दिनेश रावत ने किया, जिनकी पहल और सक्रिय भूमिका ने कार्यक्रम को विशेष स्वरूप प्रदान किया। शिव बारात मधवापुर से प्रारंभ होकर कसमंडी खुर्द, जद्दा खेड़ा होते हुए गरीब नाथ मंदिर पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते रहे और डमरू-नगाड़ों की धुन पर माहौल पूरी तरह शिवमय बना रहा। इंदिरा डीजे बैंड बारात का मुख्य आकर्षण रहा, जिसकी मधुर धुनों पर युवा, बुजुर्ग और बच्चे सभी उत्साहपूर्वक नृत्य करते नजर आए। बारात में भगवान शिव और माता पार्वती की मनमोहक झांकी भी शामिल रही, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया





और लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।गांव-गांव से आए श्रद्धालुओं ने बारात में शामिल होकर आयोजन को और भव्य बना दिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मलिहाबाद पुलिस की टीम पूरी तरह मुस्तैद रही।पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था संभाली और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की तत्परता की सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि दिनेश रावत के नेतृत्व और सामाजिक समर्पण की भावना ने इस धार्मिक आयोजन को नई ऊंचाई दी है। उनकी सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण की हर ओर प्रशंसा हो रही है। शिव बारात पुनः मधवापुर स्थित शिव मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजन-अर्चन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा गांव आपसी भाईचारे और धार्मिक उत्साह का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर विमलेश रावत, कमलेश रावत, अखिलेश रावत, बृजेश रावत, रामदास समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में एक मजदूर ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।बंथरा के हमीरपुर निवासी सुजीत गौतम (35) सरोजनी नगर के नादरगंज स्थित एक निजी कंपनी में काम करता था ।रविवार को छुट्टी होने के कारण वह घर पर था। तभी दोपहर को उसके अचानक उल्टियां होने लगी।हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए।जहां उसकी जेब में सल्फास की पुड़िया निकली।परिजनों ने जब उससे पूछा तो सुजीत ने बताया कि उसने पानी में घोलकर सल्फास पी लिया है। अस्पताल में हालत अधिक गंभीर देख सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया गया। इसके बाद वहां से लोक बंधु अस्पताल और इसके बाद ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर सुजीत की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिया।सुजीत ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी रेनू के अलावा बेटी आराध्या, सराध्या और डेढ़ वर्ष का बेटा आदि है। उधर बंथरा इंस्पेक्टर राणा राजेश सिंह ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है ।लेकिन मामले की जानकारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीजीआई में 16 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**घर में अकेला था किशोर सात माह से मानसिक तनाव में था, बोर्ड परीक्षा भी नजदीक**

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। ईश्वरी खेड़ा में सोमवार सुबह एक 16 वर्षीय हाई स्कूल छात्र ने घर के भीतर पंखे के सहारे दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसकी मां और बड़ा भाई काम पर गए हुए थे। जानकारी के अनुसार, छात्र लकी घर में अकेला था। सुबह किसी समय उसने यह कदम उठा लिया। दोपहर में जब बड़ा भाई घर लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। किसी तरह अंदर पहुंचने पर लकी को फंदे से लटका देखा। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी स्थित एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने



बताया कि लकी पिछले करीब सात महीनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था और उसका इलाज भी कराया जा रहा था। इस बीच बोर्ड परीक्षाएं नजदीक होने के कारण वह तनाव में था। हालांकि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीजीआई पुलिस की बड़ी कामयाबी

## बंद पड़े मकानों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के 4 शातिर गिरफ्तार, लाखों के जेवर व नकदी बरामद

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के दक्षिणी जोन की पीजीआई थाना पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने बंद पड़े मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग के चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक एयरगन (रायफल), 42,362 रुपये नकद तथा भारी मात्रा में पीली व सफेद धातु के जेवरात, चार हाथ घड़ियां और दो मोतियों की मालाएं बरामद की गई हैं।गिरफ्तारी वृंदावन गेट के आगे सब्जी मंडी के पास से की गई।इस सफलता पर दक्षिणी जोन के डीसीपी निपुण अग्रवाल ने पुलिस टीम को 15,000 रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है।

### क्या है मामला

06 फरवरी 2026 को



जानकीपुरम विस्तार निवासी विवेक मोहन ने थाना पीजीआई में तहरीर दी कि उनके रिश्तेदार अभय नाथ मिश्रा शादी समारोह में बाहर गए थे। 2 से 6 फरवरी के बीच एल्डिको उद्यान-11, सेक्टर-3 स्थित मकान नंबर-141 में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर ली।

मामले में मु0अ0सं0-80/2026, धारा 305( ) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। डीसीपी दक्षिणी के निर्देश पर गठित टीमों ने करीब 350 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मैनुअल व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया।

### ऐसे देते थे वारदात को अंजाम

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी पहले बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे। जब यह सुनिश्चित हो जाता था कि मकान कई दिनों से खाली है, तो रात में लोहे की सरिया से ताला तोड़कर चोरी कर फरार हो जाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्त

सोनू सिंह (26) निवासी नादरगंज, लखनऊ (मूल निवासी कैमूर, बिहार)

सोनू कुमार साह उर्फ सोनू पहाड़ी (31) निवासी सारन (छपरा), बिहार

शक्तिमान सिंह (26) निवासी नादरगंज, लखनऊ (मूल निवासी कैमूर, बिहार)

बृजेश निषाद (29) निवासी नादरगंज, लखनऊ

चारों आरोपी आपस में मित्र हैं। सोनू सिंह व शक्तिमान मकानों की रेकी करते थे, जबकि अन्य सहयोगी चोरी में साथ देते थे।

### बरामद माल

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक एयरगन (रायफल), 42,362 रुपये नकद, मंगलसूत्र, चेन, अंगूठियां, कंगन, पायल, मांग टीका, कान के टॉप्स/झाले, हार सेट सहित बड़ी मात्रा में जेवरात तथा चार हाथ घड़ियां बरामद की हैं।

### आपराधिक इतिहास

मुख्य आरोपी सोनू सिंह पर एनडीपीएस एक्ट सहित चोरी के कई मुकदमे पूर्व से दर्ज हैं। अन्य आरोपियों पर भी विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### आगे की कार्रवाई

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीजीआई पुलिस और सर्विलांस सेल की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोरी गिरोह का पदार्फाश हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में राहत की भावना है।

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल , एडीसीपी साउथ वसंत कुमार के निर्देशन पर व पीजीआई थाना प्रभारी धीरेन्द्र सिंह की टीम ने घटना का सफल अनावरण किया ।

# टेंपो डाला अनियंत्रित होकर बाइक सवार के ऊपर पलटा, दंपति व मासूम बच्ची घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर तेज रफ्तार टेंपो डाला अनियंत्रित होकर एक बाइक सवार के ऊपर पलट गया। इस हादसे में बाइक सवार दांपत्ति व उनकी 10 वर्षीय मासूम बच्ची डाला के नीचे दबकर बुरी तरह घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से आनन फानन तीनों को एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डाला और उसके चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उन्नाव जिले के हसनगंज थाना अंतर्गत समदपुर जसमड़ा निवासी डीसीएम चालक मोहर्रम अली (45), अपनी पत्नी किस्मतुन्निशा (40) और 10 वर्षीय बेटी सुमायरा के साथ बाइक से सोमवार को वापस घर लौट रहे थे। तभी दोपहर करीब भी 1 बजे बंथरा के बनी - मोहान रोड स्थित लतीफ नगर के पास सामने से आ रहा तेज रफ्तार गेहूँ की बोरियों से लदा टेंपो डाला अनियंत्रित होकर अचानक उनकी बाइक पर पलट गया।हादसे में बाइक सवार मोहर्रम अली, उनकी पत्नी किस्मतुन्निशा व बच्ची सुमायरा उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए और उनमें चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर पहुंचे लोगों ने आनन फानन डाला उठाकर उसके नीचे दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला और इसकी सूचना 108 एंबुलेंस व बंथरा पुलिस को दी।लेकिन एंबुलेंस को मौके पर पहुंचने में देरी होते देख लतीफ नगर प्रधान प्रतिनिधि तरुण शुक्ला ने अपनी कार से तीनों को आनन-फानन कटी बगिया स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज जारी है। वहीं घटना के बाद लोगों ने डाला चालक बंथरा के ही रहीमनगर पड़ियाना निवासी प्रमोद साहू को पकड़ कर डाला सहित पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डाला चालक की लापरवाही से यह घटना हुई है।उनका कहना है कि डाला चालक आए दिन काफी स्पीड में अपना डाला लेकर यहां से गुजरता है। फिलहाल पुलिस ने डाला और उसके चालक को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेंगता रहा ट्रैफिक, घंटों जाम में फंसी एंबुलेंस व स्कूली बसें...

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई, लखनऊ ।सोमवार को एक बार फिर संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के आसपास की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आई। रायबरेलीझ्रलखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 पर वाहनों का दबाव इतना बढ़ गया कि पीजीआई से लेकर मोहनलालगंज होते हुए जाम की कतार कल्ली पश्चिम कस्बा तक पहुंच गई। कई किलोमीटर लंबे इस जाम में लोग घंटों तक फंसे रहे ।सुबह से ही सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो दोपहर तक और भयावह हो गईं। जाम का सबसे ज्यादा असर दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, स्कूली



बच्चों, मरीजों और उनके तीमारदारों पर पड़ा।कई एंबुलेंस जाम में फंस गईं, जिनके सायरन लगातार बजते रहे, लेकिन उन्हें आगे निकलने का रास्ता नहीं मिल सका। इससे मरीजों की हालत को लेकर परिजनों में भारी चिंता देखी गई ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीजीआई गेट के सामने दवा मार्केट के पास अवैध रूप से खड़े डग्गामार वाहन, ऑटो और ई-रिक्शा जाम की सबसे बड़ी वजह बने। यही वाहन सड़क पर सवारी भरने के लिए खड़े रहते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है।बताया गया कि इन अवैध वाहनों के कारण करीब दो किलोमीटर लंबा जाम कई घंटों तक बना रहा ।रायबरेली रोड पर आवागमन लगभग ठप हो गया। ट्रक, बस, कार और दोपहिया वाहन जहां-तहां फंसे रहे। जाम में फंसे राहगीरों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि यह समस्या अब स्थायी रूप ले चुकी है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा ।कई लोगों ने मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों से जाम खुलवाने की गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि उनकी एक नहीं सुनी गई। वहीं पीजीआई कोतवाली में मौजूद जिम्मेदारों से भी शिकायत की गई, इसके बावजूद व्यवस्था सुधरती नजर नहीं आई ।स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि पीजीआई गेट के आसपास अवैध वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती हो और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में मरीजों, स्कूली बच्चों और आम जनता को इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

## संक्षेप

### बाइक सवार युवक को ऑटो रिक्शा ने मारी टक्कर, युवक हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में सफीपुर-मियागंज मार्ग पर एक ऑटो रिक्शा ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। यह घटना सोमवार दोपहर करीब दो बजे हुई। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मीरनगर गांव निवासी 18 वर्षीय गौरव पुत्र मूलचंद अपनी बहन को मियागंज छोड़कर बाइक से घर लौट रहा था। सफीपुर-मियागंज मार्ग पर स्थित महोलिया गांव के पास सफीपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी मिलते ही आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गंभीर रूप से घायल गौरव को तत्काल मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने ऑटो रिक्शा और उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

### अनियंत्रित डीसीएम पलटी, चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के बिरसिंह पुर राजा बाग परेदा मार्ग पर सुबह करीब साढे पांच बजे डीसीएम चालक जफर निवासी उम्मीदों का शहर सहायक अध्यापक सुधांशु शर्मा व अंशू के साथ बिरसिंह पुर स्थिति एक विधालय में प्रश्न पत्र उतार कर खाली गाड़ी लेकर वापस लौट रहा था तभी कोहरा के चलते बिरसिंह पुर गोपी खेड़ा मोड़ के पास डीसीएम अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गयी जिसमें चालक सहित तीनों को मामूली चोट आयी घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन बुला गाडी बाहर निकलवायी इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि डी सीएम प्रश्न पत्र उतार कर खाली आ रही थी कोहरा के कारण मोड़ पर गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गयी जिसे बाहर निकाल दिया गया जिसके बाद चालक गाड़ी लेकर निकल गया कोई घायल नही हुआ है।

# पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए दिए डायरिया से बचाव के संदेश

## उच्च प्राथमिक विद्यालय, सिंधूपुर, कंपोजिट, बिछिया में आयोजित प्रतियोगिता में 37 बच्चों ने लिया भाग

**पल्लवी पहले, अंशिका व श्रेया दूसरे और आदित्य तीसरे स्थान पर रहे**



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव । डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय, सिंधूपुर, कंपोजिट, बिछिया में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी सतीश चन्द्र पांडे की अध्यक्षता में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 37 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें कक्षा-सात की पल्लवी पहले, कक्षा- चार की अंशिका एवं कक्षा- छह की श्रेया दूसरे और कक्षा-छह के आदित्य तीसरे स्थान पर रहे। स्वाति, लक्ष्मी, निर्मल और पायल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा-सात के गौरव को पहला एवं अनुज को दूसरा और कक्षा-छह के यश को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य प्रज्ञा शुक्ला ने किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) मनीषा शर्मा ने डायरिया रोकथाम और प्रबन्धन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डायरिया की चपेट में कई कारणों से बच्चे आ सकते हैं, जैसे- दूषित जल पीने से, दूषित हाथों से भोजन बनाने या बच्चे को खाना खिलाने, खुले में शौच करने या बच्चों के मल का ठीक से निस्तारण न करने आदि से। इसलिए शौच और बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। माताएं छह माह से ऊपर के बच्चों को स्तनपान कराती रहें और हमेशा साफ-सुथरा पानी ही पिलायें। छह माह से कम उम्र के बच्चों को स्तनपान के अलावा बाहरी कोई भी चीज न दें यहाँ तक कि पानी भी नहीं। इस अवस्था में बाहरी चीज देने से संक्रमण का जोखिम बना रहता है। मां के दूध में बच्चे की जरूरत के मुताबिक पानी की मात्रा होती है, इसलिए बाहर से पानी न पिलाएं। पीएसआई इंडिया के गजेंद्र सिंह ने बताया कि ह्यडायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम उन्नाव समेत प्रदेश के 13 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर शहरी स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट विकास ने छात्र-छात्राओं को रोटावायरस के वैक्सीन के बारे में विस्तार से बतायाक इस अवसर पर पीएसआई इंडिया से अशरफ हुसैन और आशा मीरा एवं सरोजनी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से शिक्षिका कृति त्रिपाठी, रचना गौतम, रश्मि कुमार, सुषमा वर्मा , सावित्री देवी, दीपिका एवं अर्चना देवी आदि मौजूद रहीं।

# स्क्रीनिंग कैंप जन जागरूकता अभियान आयोजित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक कटियार के नेतृत्व में डॉक्टर डी नाथ के साथ टीबी एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प जन? जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कुल 173 मरीजों की स्क्रीनिंग की गयी तथा जांच भी की गयी जिसमें क्षय रोग से दो मरीज संक्रमित पाए गए जिनकी बलगम जांच, खून जांच व एक्स-रे कराया गया तथा उनका उपचार शुरू किया गया वहीं अन्य मरीजों को सर्दी, जुखाम, बुखार, व खांसी की दवाएं निशुल्क वितरित की गयी वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राम प्रकाश यादव ने बताया कि स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, आदि लक्षणों की जांच की गयी इस अवसर पर डॉक्टर प्रियंका चौधरी, डॉक्टर कुमुद शर्मा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शिवम्मिश्रा आदि सहित समस्त स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

# नगर पंचायत में स्वच्छता व्यवस्था को देखते खरीदे गए ट्रैक्टर ट्राली

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। आदर्श नगर पंचायत ने अपनी स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पंद्रहवें वित्त आयोग की निधि से लगभग 20 लाख रुपये की लागत से दो छोटे और दो बड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली खरीदे गए हैं। इन नए वाहनों से नगर क्षेत्र में घर-घर से कूड़ा संग्रहण, साफ-सफाई और कचरा निस्तारण के कार्यों में तेजी आएगी। इन नवक्रय किए गए वाहनों को नगर पंचायत अध्यक्षा के प्रतिनिधि और पति सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नगर पंचायत को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये वाहन कर्मचारियों को कार्य करने में सुविधा प्रदान करेंगे, जिससे नगर को अधिक स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकेगा। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विनीत श्रीवास्तव ने बताया कि नए ट्रैक्टर-ट्रॉली से सफाई कर्मचारियों को कूड़ा उठाने के लिए अतिरिक्त संसाधन मिलेंगे। इससे घर-घर कचरा संग्रहण सुचारू रूप से हो सकेगा और कचरा निस्तारण में भी समय की बचत होगी। उन्होंने जोर दिया कि नगर पंचायत स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत लिपिक होरीलाल, कई सभासद और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आपूर्ति कर्ता लक्ष्मी इंटरप्राइजेज (बांगरमऊ) के कर्मचारी हरिपाल सिंह भी मौके पर मौजूद थे।

# पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाला पति गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में पति ओमकार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने प्रेम प्रसंग के शक में एक सुनियोजित साजिश रचकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध तमंचा भी बरामद किया है। यह घटना 28 जनवरी 2026 की है, जब गोकुलपुर गांव में 38 वर्षीय शिक्षामित्र श्रीकांति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता ओमकार पुत्र स्व. कृपाशंकर निवासी गोकुलपुर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया और गहन जांच व पूछताछ शुरू की गई। जांच के दौरान संदेह की सुई स्वयं वादी ओमकार पर ही घूम गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक फूल सिंह ने पुलिस बल के साथ आरोपी ओमकार को 16 फरवरी 2026 को लालाखेड़ा चौराहे से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर गांव के पास एक तालाब से 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया। बरामदगी के बाद मुकदमे में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई। पूछताछ में आरोपी ओमकार (42) ने बताया कि उसकी पत्नी के पास एक मोबाइल फोन था, जिससे वह किसी व्यक्ति से बात करती थी। उसे अपनी पत्नी के अवैध संबंधों का शक था।

# 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित होगी बोर्ड परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं के लिए प्रशासन ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए हैं। निष्पक्ष और नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रश्नपत्रों की सुरक्षा से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया 'ट्रिपल लॉक' सिस्टम के तहत संचालित की जा रही है।

प्रशासन के अनुसार, प्रश्नपत्रों की उपलब्धता से लेकर परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के हर चरण पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। संकलन केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज में सभी प्रश्नपत्र सुरक्षित पहुंच चुके हैं। अब तक 70 परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों का वितरण किया जा चुका है, जबकि 52 केंद्रों पर यह प्रक्रिया शेष है, जिसे निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा। प्रश्नपत्रों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में डबल और ट्रिपल लॉक अलमारियों में सुरक्षित रखा गया है। इन्हें विशेष रूप से चिन्हित, खिड़की-रहित और सीसीटीवी से लैस कक्ष में रखा गया है, जहां 24 घंटे पुलिस बल तैनात है। सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त है कि अलमारी की चाबियां स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और बाह्य केंद्र व्यवस्थापक जैसे अलग-अलग अधिकारियों के पास रहती हैं। इन तीनों अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति के बिना अलमारी का ताला नहीं खोला जाएगा। जिले के कुल 122 परीक्षा केंद्रों पर इस वर्ष 71,675 परीक्षार्थी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए व्यापक प्रशासनिक अमला तैनात किया गया है। इसमें 6 जोनल मजिस्ट्रेट, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 122 स्टेटिक मजिस्ट्रेट शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक और बाह्य केंद्र व्यवस्थापक भी तैनात किए गए हैं। पूरे जिले की निगरानी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां एक मुख्य कंप्यूटर को 10 से 12 अन्य कंप्यूटरों से जोड़ा गया है, जिससे सभी केंद्रों पर नजर रखी जा सके। जिनके माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों की गतिविधियों पर सीधी नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त, परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं रहेगी। लखनऊ और प्रयागराज स्तर से भी ऑनलाइन निगरानी की जाएगी, जिससे पूरे प्रदेश में एक समान पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने बताया कि परीक्षा के दिन निर्धारित विषय का प्रश्नपत्र नियत समय से 15 मिनट पहले संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में खोला जाएगा। इस दौरान सभी प्रक्रियाओं का विधिवत पालन कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और गड़बड़ी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों गंगा एक्सप्रेस वे में इण्टर चेंज बनाए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया ।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने गंगा एक्सप्रेसवे के चयनित संख्या 460 + 245 पर बिहार मौंरावां रोड पर इंटरचेंज बनाने को लेकर किसान यूनियन का प्रतिनिधि मण्डल क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला एवं सांसद साक्षी महाराज के प्रतिनिधि अमितेश सिंह नन्दू के साथ 16 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर जानकारी देकर इण्टर चेंज बनाए जाने की मांग किया था ।मुख्यमंत्री ने मामले को हल कराने का आश्वासन दिया था । लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी कोई आदेश जारी न होने पर सोमवार को तहसील के किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने तहसील मुख्यालय पाटन में बैठक कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बीघापुर रनवीर सिंह को दिया। यूनियन के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह देवारा ने कहा कि समय रहते यदि कार्यवाही नही हुई तो संगठन फिर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा । इसके पूर्व संगठन अपनी मांग को लेकर लगातार 56 दिनों तक धरना दे चुका है ।इस मौके पर राजेश सिंह तहसील अध्यक्ष, अजय बाजपेई तहसील प्रभारी, पवन शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन बैसवारा, फते बहादुर ब्लॉक अध्यक्ष सुमेरपुर, राजू , उमाशंकर आदि उपस्थित रहे ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला महिला का शव

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव सत्यनारायण दास खेड़ा मजरे सुल्तानपुर निवासी गोपी की 28 वर्षीय पत्नी पूनम अपने दोनों बेटों के साथ रविवार रात खाना खाकर अपने कमरे में लेट गई थी ।जबकि पति गोपी बाहर लेटा था ।सोमवार सुबह गोपी कमरे में पहुंचा तो पत्नी को साड़ी को मौत का फंदा बनाकर छत में लगे हुक के सहारे फंदे से लटका देख दंग रह गया। गोपी की सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।पति गोपी ने बताया कि पूनम को किसी बात की कोई तकलीफ नहीं थी ।उसने यह कदम क्यू उठा लिया इसकी जानकारी नहीं है। वही ग्रामीणों में चर्चा है कि पति पत्नी में किसी बात को लेकर कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद यह कदम उठा लिया। पूनम की मौत से बेटे प्रिंस, ऋषभ रो रोकर बेहाल रहे। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जिला अस्पताल में रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही अस्पताल परिसर में मरीजों और उनके तीमारदारों की लंबी कतारें देखी गईं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, एक ही दिन में 800 से अधिक मरीजों ने ओपीडी में पंजीकरण कराया, जिससे व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया। पंजीकरण काउंटरों पर मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जिससे कई बार अफरा-तफरी की स्थिति भी बनी। ओपीडी के साथ-साथ जांच विभागों में भी भीड का दबाव स्पष्ट था। एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड कक्षों के बाहर लंबी लाइनें लगी रहीं। कई मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ को आगे की तारीख दी गई। दवा वितरण काउंटर पर भी पर्ची बनवाने के बाद काफी देर तक इंतजार करना पड़ा ।चिकित्सकों ने बताया कि इन दिनों सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। मौसम में अचानक आए बदलाव को इसका मुख्य कारण माना जा रहा है। दिन में तेज धूप और रात में बढ़ती ठंड लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है, जिसका असर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों पर अधिक देखा जा रहा है ।ओपीडी में तैनात चिकित्सक डॉ. कौशलेंद्र ने जानकारी दी कि वायरल फीवर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है, जिससे संक्रमण तेजी से फैल रहा है। उन्होंने नागरिकों को ठंड से बचाव करने, पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने, साफ-सफाई का ध्यान रखने और भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचने की सलाह दी। वहीं, डॉ. ब्रजकिशोर ने बताया कि सोमवार को ओपीडी शुरू होते ही मरीजों का दबाव काफी अधिक था। अधिकांश मरीज सामान्य वायरल संक्रमण से ग्रसित थे, जिनका उपचार दवाओं और आवश्यक परामर्श के माध्यम से किया गया। कुछ गंभीर लक्षणों वाले मरीजों को विशेष निगरानी में रखा गया।

# पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए दिए डायरिया से बचाव के संदेश

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। डायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम के तहत सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय, सिंधूपुर, कंपोजिट, बिछिया में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी सतीश चन्द्र पांडे की अध्यक्षता में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 37 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें कक्षा-सात की पल्लवी पहले, कक्षा-चार की अंशिका एवं कक्षा- छह की श्रेया दूसरे और कक्षा-छह के आदित्य तीसरे स्थान पर रहे। स्वाति, लक्ष्मी, निर्मल और पायल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा-सात के गौरव को पहला एवं अनुज को दूसरा और कक्षा-छह के यश को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य प्रज्ञा शुक्ला ने किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) मनीषा शर्मा ने डायरिया रोकथाम और प्रबन्धन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डायरिया की चपेट में कई कारणों से बच्चे आ सकते हैं, जैसे- दूषित जल पीने से, दूषित हाथों से भोजन बनाने या बच्चे को खाना खिलाने, खुले में शौच करने या बच्चों के मल का ठीक से निस्तारण न करने आदि से। इसलिए शौच और बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। माताएं छह माह से ऊपर के बच्चों को स्तनपान कराती रहें और हमेशा साफ-सुथरा पानी ही पिलायें। छह माह से कम उम्र के बच्चों को स्तनपान के अलावा बाहरी कोई भी चीज न दें यहाँ तक कि पानी भी नहीं। इस अवस्था में बाहरी चीज देने से संक्रमण का जोखिम बना रहता है। मां के दूध में बच्चे की जरूरत के मुताबिक पानी की मात्रा होती है, इसलिए बाहर से पानी न पिलाएं। पीएसआई इंडिया के गजेंद्र सिंह ने बताया कि ह्यडायरिया से डर नहींह्ल कार्यक्रम उन्नाव समेत प्रदेश के 13 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को बढ़ावा देना है।

# आंगनवाड़ी केंद्र में नहीं दिया जा रहा बच्चों को राशन ग्रामीणों ने की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विकासखंड की ग्राम पंचायत तारागढ़ी के आधा दर्जन से भी ज्यादा ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी पुरवा को शिकायती पत्र देते हुए बताया, की गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्तिओं द्वारा बच्चों को मिलने वाला राशन वितरित नहीं किया जा रहा है, तथा बच्चों के परिजनों को, विद्यालय बुलाकर उनके साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्तिओं द्वारा अभद्रता तथा गाली गलौज भी किया जा रहा है, जिसकी ग्रामीणों ने एसडीएम पुरवा से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है, परिजनों के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अनीता देवी, व उनकी सहायिका सीता देवी, बच्चों का मिलने वाला राशन वर्षों से उचित मूल्यो पर बाजार में बेचा रही है, तथा रजिस्टर में ग्रामीणों के फर्जी हस्ताक्षर कर घोर लापरवाही की जा रही है, वही गांव की ही बबीता देवी, विटान देवी, रूबी, सोनी देवी, रोशनी देवी, चंद्रमा वा जागेश्वर पाल, अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ती अनीता देवी पिछले लगभग 8 महीनों से केंद्र नहीं आई है, वही शिकायती पत्र के अनुसार उनकी सहायिका सीता देवी उनके घर रजिस्टर ले जाकर, उनके हस्ताक्षर करवा लाती हैं, दिलचस्प बात यह है कि अनीता देवी के घर के बाहर कैमरा भी लगा हुआ है, जो शायद इस पूरे प्रकरण का गवाह भी हो, ग्रामीणों ने उसकी भी जांच कराने की मांग की है, वही ग्रामीणों के अनुसार उनके इस आचरण से केंद्र के वातावरण में भी प्रभाव पड़ रहा है, जो बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके भविष्य में भी बाधक बन रहा है, ग्रामीणों की माने तो, कभी कभार केवल पंजीरी ही ग्रामीणों को दी जाती है, तथा चने की दाल, रिफाइंड तेल, और दरिया, बाजार में उचित मूल्यो पर बेचकर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया जाता है, और केवाईसी के नाम पर ग्रामीणों को आए दिन आंगनबाड़ी कार्यकतियों द्वारा गुमराह किया जा रहा है, अब सवाल यह उठता है कि, प्रदेश सरकार की इतनी महत्वाकांक्षी योजना में इस कदर भ्रष्टाचार होना, शासन प्रशासन को कटघरे मे लाकर खड़ा करता है, वही ग्रामीणों ने एसडीएम पुरवा से जांच करवाने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 290 पर हुई, जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी ।मृतक की पहचान हरदोई जिले के मल्लावा थाना क्षेत्र के शाहपुर गंगा निवासी धीरेंद्र शर्मा (22) पुत्र धनी राम शर्मा के रूप में हुई है। धीरेंद्र अपनी बाइक से किसी काम से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया ।सूचना मिलने पर हसनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फरार वाहन तथा चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, धीरेंद्र अपने परिवार में चार भाइयों और सात बहनों में सबसे छोटे थे। वह कारपेंटर का काम करते थे और अपने परिवार की आर्थिक मदद करते थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि अज्ञात वाहन चालक की जल्द पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा के रहने वाले सियाराम का (36) वर्षीय बेटा पंकज यादव रविवार देर रात छत पर बने कमरे में अंगौछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना के वक्त परिजन नीचे सो रहे थे। जब सुबह सोमवार उन्हें घटना की जानकारी हुई तो दरोगा खेड़ा चौकी पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिसके बाद परिजनों शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए जाजमऊ चले गए। मृतक के बड़े भाई नीरज ने बताया कि रविवार रात वह घर लौटे थे कुछ नशे में थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में मामूली विवाद हुआ और वह छत पर बने कमरे में अकेले सोने चले गए सुबह 7 बजे तक जब वह नीचे नहीं उतरे तो छत पर जाकर उन्हें देखा तो फांसी के फंदे से लटक रहे थे। मृतक पंकज दरोगा खेड़ा चौकी के पास चाय समोसे का होटल चलाकर परिजनो का जीवन यापन कर रहे थे। घटना से आहत पत्नी सन्नो पुत्री सृष्टी आर्ना अनन्या सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दरोगा खेड़ा चौकी इंचार्ज असलम ने बताया कि सुबह 7 बजे उन्हें घटना की सूचना मिली थी। शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। इसके बाद अंतिम संस्कार भी जाजमऊ में हो चुका है। दूसरी घटना दही क्षेत्र के गजौली गांव में हुई जहा सोमवार सुबह करीब 9 बजे (19 ) वर्षीय बीए की छात्रा प्रियंका पुत्री रमेश ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने पर पहुंची औद्योगिक चौकी पुलिस ने शव फांसी के फंदे से उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता रमेश की मृत्यु 1 वर्ष पहले ही कैंसर से हो चुकी है। बड़ा भाई कमल वेयर हाउस में ट्रक चलाकर परिजनों का पालन पोषण करता है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई घटना से आहत मां सुनीता भाई कमल विमल सहित परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## सम्पादकीय

# मोदी को न्योता बांग्लादेश की एक सार्थक शुरुआत

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद उभरता राजनीतिक परिदृश्य दक्षिण एशिया की कूटनीति के लिए अहम संकेत दे रहा है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन तारिक रहमान 17 फरवरी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा जाना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश भी है। यह संदेश है संवाद, संतुलन और सहयोग की नई संभावनाओं का। यानी बांग्लादेश ने मोदी को न्योता देकर एक सार्थक शुरुआत की है, लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी बनी रहेगी या कुछ नरमाहट आएगी यह तो भविष्य पर निर्भर है। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहमान के शपथ समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उसी दिन मुंबई में उनकी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पूर्व निर्धारित द्विपक्षीय बैठक है, लेकिन भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिस्री की उपस्थिति यह स्पष्ट करती है कि नई दिल्ली इस परिवर्तन को गंभीरता से ले रही है। तारिक की ताजपोशी कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। 36 वर्षों में पहली बार बांग्लादेश को पुरुष प्रधानमंत्री मिलने जा रहे हैं। 20 साल के निर्वासन के बाद देश लौटकर उन्होंने कम समय में जनता का विश्वास अर्जित किया और बीएनपी को प्रचंड बहुमत दिलाया है। यह जनादेश केवल सरकार बदलने का संकेत नहीं, बल्कि नीति-प्राथमिकताओं में संभावित बदलाव की ओर भी इशारा करता है। शपथ ग्रहण समारोह इस बार पारंपरिक राष्ट्रपति भवन के बजाय ढाका के नेशनल पार्लियामेंट कॉम्प्लेक्स के साउथ प्लाजा में आयोजित किया जा रहा है। यह स्थान परिवर्तन भी एक प्रतीक है संभवतः अधिक सार्वजनिक और खुली राजनीतिक संस्कृति का। पड़ोसी देशों के नेताओं को निमंत्रण भेजना बताता है कि रहमान सरकार क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता देना चाहती है। भारत और बांग्लादेश के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से गहरे रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आज तक दोनों देशों के बीच सहयोग का एक मजबूत आधार रहा है। पिछले एक दशक में व्यापार, कनेक्टिविटी, ऊर्जा और सुरक्षा सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति हुई, लेकिन यह भी सच है कि दोनों देशों के रिश्ते समय-समय पर राजनीतिक बदलावों के साथ नए मोड़ लेते रहे हैं। तारिक ने शपथ से पहले स्पष्ट कहा है कि भारत के साथ वार्ता में बांग्लादेश के हित सर्वोपरि रहेंगे। यह बयान किसी भी संप्रभु राष्ट्र की स्वाभाविक प्राथमिकता है, लेकिन इसके साथ उन्होंने चीन को भी विकास साझीदार बताया है। यहीं से नई सरकार की संतुलन नीति का संकेत मिलता है। दक्षिण एशिया में चीन की बढ़ती सक्रियता और भारत की पारंपरिक भूमिका के बीच बांग्लादेश का संतुलन साधना आसान नहीं होगा। बीएनपी के विदेश नीति सलाहकार हुमायूं कबीर का यह कहना कि भारत के साथ संबंधों की नई शुरुआत हो सकती है, सकारात्मक संकेत है, परंतु चुनाव जीतते ही शेख हसीना की वापसी की मांग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि नई सरकार कुछ मुद्दों पर आक्रामक रुख अपना सकती है। ऐसे में आने वाले समय में नई दिल्ली और ढाका के बीच संवाद की गुणवत्ता ही तय करेगी कि रिश्ते किस दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुल मिलाकर यह कहना जल्दबाजी होगी कि नई सरकार का रुख कैसा रहेगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि दक्षिण एशिया की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। अब देखना यह है कि आगे की कहानी सहयोग की होगी या प्रतिस्पर्धा की।



आर्थिकी
सतीश सिंह

सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2.75% हो गई, जो दिसंबर में 1.33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

# महंगाई नए आधार वर्ष के पैमाने में

आगामी 10 वर्षों के लिए सरकार ने महंगाई को मापने का आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस क्रम में, 12 फरवरी को पहली बार जनवरी माह की खुदरा महंगाई को नए आधार पर मापा गया। नए आधार पर जनवरी 2026 में यह बढ़कर 2. 75% हो गई, जो दिसंबर में 1. 33% थी, और यह पिछले 8 महीनों का उच्चतम स्तर है। इस दौरान, मई 2025 में यह 2. 82% तक पहुंच गई थी।

महंगाई का स्तर इस बात पर निर्भर करता है कि मांग और आपूर्ति का संतुलन कैसा है। जब लोगों के पास अधिक पैसे होंगे, तो वे अधिक वस्तुएं खरीदेंगे, जिससे मांग बढ़ेगी। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है, तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाएंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है, तो महंगाई घट जाएगी। सरकार आमतौर पर हर 5 से 10 वर्षों में नया आधार वर्ष चुनती है, जो साल सूखा, बाढ़, महामारी या अत्यधिक महंगाई से मुक्त हो। पुराने सूचकांक में खाने-पीने की वस्तुओं का वेटेज लगभग 50% था, जिसे अब घटाकर 36. 8% कर दिया गया है। गौरतलब है कि आधार वर्ष वह वर्ष होता है जिसे कीमतों के लिए मानक या आधार माना जाता है। इसका अर्थ है कि उस वर्ष की वस्तुओं की औसत कीमत को 100 माना जाता है। फिर, अन्य वर्षों की कीमतों की तुलना उसी आधार वर्ष से की जाती है। इससे पता चलता है कि महंगाई कितनी बढ़ी या कम हुई है। उदाहरण के लिए, यदि 2022 को आधार वर्ष माना जाए और उस वर्ष एक किलो आलू की कीमत 50 रुपये थी, और 2025 में वह बढ़कर 80 रुपये हो गई, तो महंगाई दर = (80-50)/50×100 = 60% है। यह फॉर्मूला खुदरा महंगाई या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में उपयोग होता है। हालांकि, यह बाजार के सभी सामानों पर समान रूप से लागू नहीं होता है। महंगाई को मापने के लिए एक बकेट में वैसी वस्तुओं व सेवाओं को रखा जाता है, जो महंगाई को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। इस क्रम में हर वस्तु को उपभोक्ता के बजट में उसके महत्व के आधार पर भार दिया जाता है। सीपीआई सूचकांक की मदद से राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर महीने खुदरा महंगाई की गणना करता है, जिसमें ऐसी वस्तुएं और सेवाएं शामिल होती हैं, जिनका इस्तेमाल आम लोग ज्यादा करते हैं, जैसे कि खाद्य, कपड़े, आवास, ईंधन, स्वास्थ्य आदि। यह सूचकांक इन वस्तुओं की कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जो आधार वर्ष 2012 के संदर्भ में होते थे और अब ये 2024 के संदर्भ में होंगे। विकास को सुनिश्चित करने के लिए महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना आवश्यक है ताकि जनता की घटती क्रय शक्ति, स्थिर आय, और जीवन यापन की लागत का सही आकलन किया जा सके। इससे उपयुक्त वित्तीय योजना, निवेश की सुरक्षा, मजदूरी की उचित मांग और सरकार के लिए सही मौद्रिक नीतियों का निर्धारण आसान हो जाता है। जब महंगाई का चित्र स्पष्ट होता है, तो सरकार सही कदम लेकर इन पर नियंत्रण कर सकती है, जिससे आम जनता के नुकसान को रोका जा सकता है। महंगाई बढ़ने से पैसे का मूल्य घट जाता है, और इससे पता है कि हमें कितनी ज्यादा कमाने या बचत करने की जरूरत है।

अगर महंगाई अधिक हो, तो निवेश का रिटर्न नकारात्मक हो जाता है। वहीं, सही महंगाई दर जानकर



सोना, शेयर जैसे बेहतर निवेश के विकल्प को चुनने में आसानी होती है। महंगाई के सही आंकड़ों से शिक्षा, स्वास्थ्य, और जरूरी वस्तुओं पर इसके असर को समझा जा सकता है। सरकारें इन आंकड़ों की मदद से ब्याज दरें और करों में बदलाव करती हैं। आंकड़ों के गलत रहने से सरकारी नीतियां जनता के लिए हानिकारक हो सकती हैं। जब महंगाई स्थिर नहीं रहती, तो जनता को सही आंकड़ों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। पिछले एक दशक के दौरान लोगों की जीवनशैली, खर्च करने के तरीके और लोगों के दैनिक आवश्यकताओं में आमूल-चूल बदलाव आया है। इसलिए, 2012 का आधार वर्ष महंगाई की सही तस्वीर नहीं दिखा पा रहा था। आंकड़े वास्तविक आयों के लिए सूचकांक में वस्तुओं और सेवाओं की संख्या भी बढ़ाई गई है। पहले सूचकांक में 299 वस्तुएं थीं, जिन्हें नए ढांचे में बढ़ाकर 358 कर दिया गया है। नए सूचकांक की मुख्य विशेषता है कि यह उन वस्तुओं और सेवाओं को शामिल करता है जिन पर आज अधिकांश लोग खर्च कर रहे हैं।

अब, स्मार्टफोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। इस सूचकांक में नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाओं को भी शामिल किया गया है। नया आधार वर्ष लाने का मकसद है सब्जियों, अनाज जैसी वस्तुओं की कीमतों में बदलाव से महंगाई के आंकड़ों पर ज्यादा प्रभाव न पड़े। इस बदलाव से गैर-खाद्य वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों के उतार-चढ़ाव को भी महंगाई मापने में शामिल किया गया है, ताकि महंगाई की वास्तविक तस्वीर हमारे सामने आ सके। नए सूचकांक में ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म से वस्तुओं की कीमतों का डेटा इकट्ठा किया जाएगा। हवाई किराए, बिजली दरें, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं और शॉपिंग की कीमतों को भी शामिल किया जाएगा।

इसी तरह, इन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में बदलाव का प्रभाव भी महंगाई के आंकड़ों में दिखाई देगा। ग्रामीण इलाकों में घर के किराए को सूचकांक में शामिल किया गया है, जिससे ग्रामीण महंगाई की तस्वीर और भी ज्यादा साफ होगी। इनके अलावा, वे वस्तुएं, जिनका उपयोग आज नहीं किया जाता है, जैसे वीडियो और ऑडियो कैसेट आदि, महंगाई मापने वाली सूची से हटा दी गई हैं। महंगाई की वास्तविक स्थिति को समझना बहुत जरूरी है। अगर इसे गलत तरीके से पेश किया गया, तो यह न सिर्फ जनता को परेशान कर सकता है, बल्कि विकास में भी बड़ी बाधा बन सकता है।

जब महंगाई की दर बढ़ती है, तो भारतीय रिजर्व बैंक रेपो दर को कम नहीं करता, जिससे बैंकों को सस्ती पूंजी नहीं मिलती और उन्हें उच्च ऋण दर पर ऋण देना पड़ता है। इससे उधार लेने की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है, और पूंजी की कमी के कारण आर्थिक गतिविधियां मंद हो जाती हैं। इसलिए, महंगाई का सही स्तर समझना अनिवार्य है। इसके साथ ही, आधार वर्ष में बदलाव और बकेट में उपयोगी वस्तुओं को शामिल करने से महंगाई की सच्चाई सामने आ सकती है, और सही उपाय अपनाकर विकास की गति बढ़ाई जा सकती है। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी की गई नई कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) सीरीज देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सुधार है। नई व्यवस्था न केवल गरीबी के अनुमानों को अधिक सटीक बनाएगी, बल्कि सरकार की नीतियों को भी बेहतर ढंग से तैयार करने में मदद करेगी।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## दिवस विशेष

सुनील कुमार महला



# क्योटो प्रोटोकॉल : जलवायु समझौतों के लिए मार्गदर्शक

पर्यावरणीय दृष्टि से 16 फरवरी का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन 2005 को क्योटो प्रोटोकॉल आधिकारिक रूप से लागू हुआ था, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विश्व का पहला कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता था। इसे 1997 में जापान के क्योटो शहर में अपनाया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय (यूएनएफसीसीसी) के अंतर्गत बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य औद्योगिक (विकसित) देशों द्वारा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 1990 के स्तर की तुलना में कम करना था, ताकि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सके। वास्तव में आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से प्रभावित है, जिसका प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, तेज शहरीकरण, विकास कार्यों के नाम पर पेड़ों की कटाई, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, परिवहन, कृषि गतिविधियां और प्रदूषण हैं, जिनसे वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है। ग्रीनहाउस गैसों जैसे कि कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, जलवाष्प तथा फ्लोरीनयुक्त गैसें आदि वायुमंडल में सूर्य की ऊष्मा को रोककर पृथ्वी का तापमान बढ़ाती हैं, जिसे ग्रीनहाउस प्रभाव कहा जाता है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन लगभग 57.7 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक स्तर है और पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 2.3% अधिक है। इस अवधि में उत्सर्जन वृद्धि में भारत का योगदान सबसे अधिक रहा, हालांकि प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अभी भी वैश्विक औसत से कम है। बता दें कि भारत में लगभग 3 टन प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष, जबकि वैश्विक औसत लगभग 6.4 टन है। कुल उत्सर्जन के मामले में भारत लगभग 4 गीगाटन वार्षिक उत्सर्जन के साथ विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है, लेकिन ऐतिहासिक योगदान विकसित देशों से कम है। जानकारी के अनुसार 2024 में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगभग 423–425 पीपीएम तक पहुंच गई, जो औद्योगिक क्रांति से पहले की तुलना में लगभग 50% अधिक है और जलवायु जोखिम को बढ़ा रही है। क्योटो प्रोटोकॉल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता 'साझा लेकिन भिन्न जिम्मेदारी' का सिद्धांत था। इसके अनुसार ऐतिहासिक रूप से अधिक प्रदूषण करने वाले विकसित देशों पर अधिक दायित्व डाला गया, जबकि भारत और चीन जैसे विकासशील देशों को शुरुआती चरण में अनिवार्य उत्सर्जन कटौती से छूट दी गई। इस समझौते के अंतर्गत उत्सर्जन व्यापार, क्लीन डेवलपमेंट मैकेनिज्म (सीडीएम) और संयुक्त कार्यान्वयन जैसे नवाचारपूर्ण तंत्र बनाए गए, जिन्हें फ्लेक्सिबल मैकेनिज्म कहा गया और इन्हीं के माध्यम से कार्बन ट्रेडिंग की अवधारणा विकसित हुई, जिससे विकसित देश अन्य देशों में हरित परियोजनाओं या स्वच्छ तकनीक में निवेश करके कार्बन क्रेडिट खरीद सकते थे। भारत ने सीडीएम के तहत बड़ी संख्या में परियोजनाएं विकसित कीं, जिससे तकनीकी आधुनिकीकरण, विदेशी निवेश और 'सर्टिफाइड एमिशन रिडक्शन' (सीईआर) क्रेडिट के रूप में आर्थिक लाभ मिला तथा भारत वैश्विक कार्बन बाजार का महत्वपूर्ण भागीदार बना। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने इस समझौते पर हस्ताक्षर तो किए थे, लेकिन इसे अपनी संसद से अनुमोदित नहीं कराया, जिससे इसकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठे, फिर भी इसकी एक बड़ी उपलब्धि यह रही कि इसने उत्सर्जन की निगरानी, रिपोर्टिंग और सत्यापन की सख्त वैश्विक प्रणाली विकसित की, जो आज भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु व्यवस्था की आधारशिला मानी जाती है। आगे चलकर वैश्विक जलवायु प्रयासों को अधिक व्यापक बनाने के लिए 2015 में पेरिस समझौता अस्तित्व में आया, जिसमें लगभग सभी देशों को जलवायु कार्रवाई के साझा लक्ष्य में शामिल किया गया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्टों के अनुसार वर्ष 2023-2024 में वैश्विक उत्सर्जन रिकॉर्ड स्तर के आसपास है और वर्तमान नीतियों के साथ 1.5 डिग्री सेल्सियस वृद्धि लक्ष्य हासिल करना कठिन दिखाई देता है। हालांकि, अब वैश्विक जलवायु नीति का केंद्र पेरिस समझौता बन चुका है, फिर भी क्योटो प्रोटोकॉल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग की नींव रखी। भारत ने वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में महत्वपूर्ण लक्ष्य घोषित किए हैं। आज जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच यह समझौता दुनिया को उत्सर्जन नियंत्रण की जिम्मेदारी याद दिलाता है। संक्षेप में, क्योटो प्रोटोकॉल आधुनिक वैश्विक जलवायु नीतियों का आधार माना जाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जब मन अशांत हो तो इष्टदेव के मंत्रों का जप करें



संकलित
दर्शन

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

# काम शुरू करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है काम करते रहना



संकलित
प्रेरणा

एक प्राचीन कथा के मुताबिक, ब्रह्मा और विष्णु ने शिवलिंग के मस्तक और पैरों की खोज शुरू की। ब्रह्मा को शिव का मस्तक ढूंढने का और विष्णु को शिव के पैर ढूंढने का कार्य सौंपा गया। सभी देवता इसके आरंभ और अंत के विषय में जानने के लिए उत्सुक थे। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा आरंभ की और वे आगे बढ़ते गए। कई लोक पीछे छूट गए और कई युग बीत गए। फिर भी ब्रह्मा शिव के मस्तक का पता नहीं लगा पाए। सृष्टि का एक अंत है। सृजन एक बिंदु पर समाप्त होता है। ब्रह्मा ने अपनी यात्रा उसके बाद भी जारी रखी। उन्होंने एक केतकी का पुष्प देखा जो आकाश से नीचे आ रहा था। ब्रह्मा ने केतकी पुष्प से पूछा, 'तुम कहां से आ रहे हो? क्या तुमने शिव का मस्तक देखा है? यहां से शिव का मस्तक कितनी दूर है?' केतकी पुष्प ने कहा, 'मैं शिव के मस्तक से आ रहा हूं।' तो ब्रह्मा ने निष्कर्ष निकाला कि शिव का एक मस्तक था और वे पुष्प लेकर नीचे आए। विष्णु का कार्य शिव के पैरों की खोज करना था। ऐसा कहा जाता है कि विष्णु बहुत विनम्र हैं। पालनकर्ता को हमेशा बहुत विनम्र होना चाहिए। रचयिता जैसा भी हो, यदि पालनकर्ता विनम्र हो, तभी पालन कार्य संभव है। व्यवसाय आरंभ करना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन आपको व्यवसाय चलाने के लिए बहुत सतर्क, बहुत विनम्र रहना पड़ेगा, अन्यथा व्यापार डूब जाएगा। विष्णु की विनम्रता ने ही उन्हें शिव के चरणों को ढूंढने का कार्य करने योग्य बनाया। युगों तक यात्रा करने के बाद, विष्णु शिव के चरणों को ढूंढने में सक्षम नहीं हुए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महाशिवरात्रि : भीतर के अंधकार से संवाद

महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का वह विराट क्षण है जहां आस्था, दर्शन और आत्मबोध एक-दूसरे से संवाद करते हैं। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की यह चतुर्दशी, शिव-तत्त्व के स्मरण और साधना का पर्व है- वह शिव, जो संहारक नहीं, बल्कि परिवर्तन और कल्याण के अधिष्ठाता हैं। भारतीय दर्शन में शिव को आदि और अनंत के प्रतीक के रूप में देखा गया है। वे न केवल सृष्टि के संहारक हैं, बल्कि नवसृजन के भी मूल स्रोत हैं। शिव का डमरु ब्रह्मांड की लय को उद्घोषित करता है, गंगा का अवतरण करुणा का प्रतीक है और भस्म-विभूषण यह संदेश देता है कि भौतिकता अंततः नश्वर है। महाशिवरात्रि की रात्रि जागरण और साधना की रात्रि है।

*- जगदीश पाठक, बेमेतरा*

## ट्रेंड

### कांग्रेस की बौखलाहट



कांग्रेस ने कभी देश की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी। इसलिए आज जब हम अपनी सीमाओं पर शानदार हाईवे, टनल्स, ऊंचे-ऊंचे ब्रिज और आधुनिक एयरफील्ड्स के साथ देश की सुरक्षा को बढ़ा रहे हैं, तो वो बौखलाहट से भर गई है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शिक्षा से रोजगार तक



औद्योगिक विकास के साथ-साथ कौशल विकास को केंद्र में रखा गया है, उद्योग-अकादमिक साझेदारी, अप-स्किलिंग, एआई और डिजिटलीकरण पर विशेष बल दिया गया है, ताकि शिक्षा से रोजगार तक का मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो और स्थानीय युवाओं को नए अवसर मिलें।

- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### किसानों से विश्वासघात



हम अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के नाम पर भारत के किसानों के साथ हो रहे विश्वासघात को देख रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं,. डीडीजी आयात करने का असल मतलब क्या है? क्या इसका मतलब भारतीय पशुओं को जीएम अमेरिकी मक्के से बना डिस्टिलर्स ग्रेन खिलाया जाएगा?

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सोलर से समृद्धि




दिल्ली ने सोलर से समृद्धि का रास्ता प्रशस्त कर लिया है। अब किसान बिना एनओसी के कृषि भूमि पर सोलर पैनल लगा सकते हैं। हमारी सरकार ने प्रक्रिया आसान कर दी है ताकि किसानों की आय बढ़े।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



## करंट अफेयर


# नाइजीरिया में हुई मछली पकड़ने की प्रतियोगिता



नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिम में स्थित अर्गुंगु शहर में हरियाली के बीच बहने वाली मतान फदान नदी में शनिवार को हजारों मछुआरे मछली पकड़ने के पारंपरिक पर्व में शामिल हुए। राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू सहित हजारों दर्शकों ने सबसे बड़ी मछली पकड़ने की प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। हालांकि सुरक्षा संबंधी कारणों से कुछ लोगों ने उत्सव से दूरी बनाए रखी। इस पर्व पर मछली पकड़ने के लिए लोगों ने हाथ से बुने जाल और लौकी से बने बर्तन जैसे केवल पारंपरिक समानों का इस्तेमाल किया। कुछ ने अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए केवल हाथों से ही मछली पकड़ी। इस साल के विजेता ने 59 किलोग्राम की क्रोकर मछली पकड़ी। प्रतियोगिता के विजेता को नकद इनाम दिया जाता है, जबकि बाकी प्रतिभागी अपनी पकड़ी मछलियां बेचते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है। साल के बाकी समय इस नदी में किसी को जाने की अनुमति नहीं होती और इसकी देखरेख एक पदवीधारी प्रमुख करते हैं, जिन्हें 'सरकिन रुवा' यानी पानी का मुखिया कहा जाता है। मछली पकड़ने की प्रतियोगिता वार्षिक अंतरराष्ट्रीय मछली पकड़ने के उत्सव का समापन था। पर्व के दौरान पारंपरिक कुश्ती, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए।

## ऑफ बीट

# रूमाल या टिश्यू, हमारे स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर



आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं – हाथ, रूमाल, टिश्यू, दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड – कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी है। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं। लेकिन कई अध्ययनों से पता चला है कि वे श्वसन एरोसोल को प्रभावी ढंग से फ़िल्टर नहीं करते हैं।

## संक्षेप

### महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्यारेलाल के पोखरा स्थित भोलेनाथ चंदईपुर का हुआ श्रृंगार

मीरजापुर। स्थानीय सिटी ब्लॉक स्थित चंदईपुर स्थित प्यारेलाल के पोखरा के पास स्थापित भगवान भोलेनाथ का 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य श्रृंगार एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो निर्धन जोड़ों का विवाह कराया गया। प्यारेलाल के पोखरा स्थित भगवान भोलेनाथ मंदिर समिति के प्रमुख दिलीप सिंह गहरवार एव हाकिम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि प्रत्येक वर्ष समाज के दो निर्धन जोड़ों का विवाह भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से कराया जाता है। इस बार भी दो निर्धन जोड़ों का विवाह कराया गया है जिनमें अनु पुत्री सुरेश निषाद निवासी छोटी बसही की शादी अजय कुमार पुत्र केदारनाथ निवासी गोपालपुर अमरावती विंध्याचल के साथ तथा दूसरे जोड़े में पिंकी पुत्री प्रेम कुमार निवासिनी चंद्रपुर अमोई की शादी धीरज निवासी वीरपुर अमोई मिजार्पुर के साथ संपन्न हुई। भव्य श्रृंगार के बाद सैकड़ो भक्तों द्वारा भगवान के भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। दिलीप सिंह गहरवार ने बताया कि विवाह में भगवान भोलेनाथ के श्रृंगार के पश्चात दोनों जोड़ों में और पक्ष द्वारा धूमधाम से बारात निकाली जाती है जो वापस पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के मंदिर पर समाप्त होती है और वहीं पर फिर बने विवाह विधि पर दोनों जोड़े का बैठकर विवाह कराया गया। दोनों जोड़ों को सुखी वैवाहिक जीवन के लिए जरूरतमंद का घर गृहस्ती की सभी सामान जैसे बर्तन खान-पान की वस्तुएं खानपान के बर्तन लड़कियों को सामान बेड, रजाई ,गद्दा ,तकिया, पांच साड़ी, पांच बर्तन ,कन्डाल ,प्रेस, पंखा ,नाक का किल , पायल , बिछिया, पलंग बिछिया पहनावा व अन्य उपहार प्रदान किया गया। मिजार्पुर जनपद के प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों द्वारा भी दोनों जोड़ों को उपहार भेंट किया गया एवं भगवान भोलेनाथ की भविष्य की का दर्शन को पूर्ण फल प्राप्त किया।

# उत्तर प्रदेश बना फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश, नवाचार और विश्वास का नया वैश्विक केंद्र

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आज उत्तर प्रदेश अपनी पहचान ट्रस्ट, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमली डिलीवरी के रोल मॉडल के रूप में स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने और प्रदेश को फार्मा सेक्टर में अग्रणी मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन हब बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पास न केवल देश का सबसे बड़ा कंज्यूमर मार्केट है, बल्कि फार्मा सेक्टर के लिए जरूरी विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर और कुशल वर्कफोर्स भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। राज्य सरकार अपने प्रत्येक निवेशक को ट्रिपल एस अर्थात सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की गारंटी प्रदान कर रही है, जो औद्योगिक विकास के लिए अनिवार्य शर्त है। फार्मा और हेल्थकेयर के क्षेत्र में मौजूद असीमित संभावनाओं को देखते हुए राज्य के विभिन्न जनपदों में क्लस्टर आधारित विकास किया जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध ललितपुर जनपद में प्रदेश के पहले फार्मा पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। वहीं, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट लगभग 350 एकड़ क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। इस पार्क की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 100 से अधिक फार्मा कंपनियां इससे जुड़ चुकी हैं। निवेशकों की सुविधा के लिए यहाँ यू.एस.एफ.डी.ए. (न्थ्व।) टेस्टिंग लैब स्थापित करने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। ललितपुर के फार्मा पार्क को हब एंड स्पोक मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें आर. एंड डी. (त-क) की अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भी प्रदेश लंबी छलांग लगा रहा है। लखनऊ में एक वर्ल्ड क्लास फार्मा इंस्टीट्यूट के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं, जबकि गौतमबुद्धनगर, बरेली और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी नए फार्मा पार्क विकसित करने की योजना पर कार्य हो रहा है। नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आई.आई.टी. कानपुर के सहयोग से 1,200 करोड़ रुपये की लागत से मेड-टेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त.एस.जी.पी.जी.आई. को दूसरे सेंटर के रूप में तैयार किया जा रहा है। लखनऊ पहले से ही सी.डी.आर.आई. और एन.बी.आर.आई. जैसी राष्ट्रीय स्तर की चार केंद्रीय प्रयोगशालाओं का केंद्र है, जो अनुसंधान के क्षेत्र में प्रदेश की स्थिति को मजबूत करती हैं। नीतिगत मोर्चे पर उत्तर प्रदेश अब पॉलिसी पैरालिसिस के दौर से बाहर निकल चुका है। प्रदेश में वर्तमान में 34 सेक्टोरियल पॉलिसीज प्रभावी हैं, जो निवेशकों को स्पष्टता और सुरक्षा प्रदान करती हैं। निवेश की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुविधाएं दी जा रही हैं और पॉलिसी के दायरे में रहकर समयबद्ध तरीके से इंसेंटिव वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस नीति के तहत सब्सिडी, स्टांप ड्यूटी में छूट और निर्यात प्रोत्साहन की बेहतरीन व्यवस्था है। साथ ही, एफ.डी.आई. और फॉर्च्यून-500 पॉलिसी के माध्यम से वैश्विक निवेश को आमंत्रित करने के बड़े अवसर सृजित किए गए हैं। विशेष बात यह है कि उत्तर प्रदेश का यह विकास केवल औद्योगिक नहीं बल्कि संतुलित और पर्यावरण के अनुकूल भी है।

# कथा समापन के उपरांत विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

भंडारे में हजारों भक्तों ने चखा प्रसाद

अमन लेखनी समाचार





कचीर, गरौठा। गरौठा क्षेत्र के ग्राम कचीर स्थित श्री राम राजा सरकार सिद्धपीठ हनुमान जी महाराज मंदिर प्रांगण में श्री श्री 1008 संत श्री परमहंस दास जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर पूर्व गरौठा विधायक बृजेंद्र व्यास (डमडम महाराज) ने मंदिर पहुंचकर हनुमान जी महाराज के दर्शन किए तथा प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए श्रीराम राजा सरकार कमेटी एवं समस्त ग्रामवासियों को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक बृजेंद्र व्यास (डमडम महाराज) सहित सत्यप्रकाश तिवारी (सिया), अनिल महाराज खड़ौरा, पत्रकार बंधु अनिल कुमार शर्मा, राजेंद्र बुंदेला, प्रदीप शर्मा, राजकुमार तिवारी, धीरू शर्मा, भूरे महाराज गरौठा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को पंडित दिनेश तिवारी (पुजारी) एवं दुर्गेश गौतम (महंत) द्वारा पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर पंडित दिनेश तिवारी द्वारा सभी आगंतुकों एवं सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। संचालन हेमन्त यादव ने किया भंडारे में कमेटी के सदस्यों एवं ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा।

# वजीरगंज चौकी जिले में बनी मिसाल




उदघाटन समारोह में एसपी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

फखपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के वजीरगंज बाजार में आज चौकी का उदघाटन एसपी आर एन सिंह ने फीता काट कर किया। थाना फखरपुर क्षेत्र में सोमवार को वजीरगंज में चौकी का उदघाटन जिले के तेज तर्रार एसपी राम नरायन सिंह ने फीता काटकर किया। श्री सिंह ने अपने सम्बोधन कहा कि ये चौकी के निर्माण से क्षेत्रीय लोगों को भाग दौड़ नही करनी पड़ेगी। उन्होंने अपने सम्बोधन कहा कि अब मोबाइल का जमाना है। नेट के माध्यम से सबको जानकारी हो जाती है कि इस अपराध में कौन सी धारा लगनी है। सब जानकारी उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि चौकी मात्र निर्माण से अपराध नही रूक सकता है। ग्राम सभा के प्रधान व सम्भ्रान्त ब्यकि व आम जनमानस को भी जाग्रत होना पड़ेगा। इस मौके पर पूर्व जि0प0 सदस्य रफीक अंसारी, प्रधान फारूक खा, आयोजक रवी सोनी, प्रधान रईश अंसारी, भाजपा प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य राम बचन सोनी, भाजपा नेता विनय उपाध्यक्ष, समाज सेवी व प्रधान पद प्रत्याशी राम कुमार जायसवाल, आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कलवारी में जरूरतमंदों को राहत, कंबल एवं गृह उपयोगी सामान का हुआ वितरण

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। विकास खण्ड नवाबगज अन्तर्गत कलवारी ग्राम सभा मे सर्दी के बीच सोमवार को कलवारी ग्राम सभा में एस पी सिंह के आवास पर ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह के नेतृत्व में भव्य कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह ने स्वयं जरूरतमंदों को कंबल एवं गृह उपयोगी सामान वितरित कर मानवता और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ठंड के इस मौसम में कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति असुविधा का सामना न करे, यही सरकार और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि ग्राम सभा के पात्र परिवारों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी योजनाओ, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि आदि का शत-प्रतिशत लाभ दिलाया जाएगा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ह्लसरकार की मंशा है कि विकास की रोशनी गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।ह्व उन्होंने अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि पात्रता सूची का पारदर्शी ढंग से सत्यापन कर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। अंत में ब्लाक प्रमुख ने ग्राम सभा के समग्र विकास, सड़क, बिजली, पानी और स्वच्छता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में दुर्गेश वर्मा, दिनेश सिंह, विजय सिंह, मुन्ना यादव, राजेश सिंह, विशेष सहित दर्जनों लाभार्थी मौजूद रहे।

# शारदा नहर में गिरी बोलेरो, नौ लोग बाल-बाल बचे

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह



कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को बड़ा हादसा टल गया। उन्नाव से तिलक चढ़ाकर लौट रही बोलेरो अनियंत्रित होकर शारदा नहर में जा गिरी। गनीमत रही कि वाहन में सवार सभी नौ लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। मिली जानकारी के अनुसार, उन्नाव जिले के औरास थाना क्षेत्र के दलेलपुर निवासी रणजीत कुमार (पुत्र रमेश चंद्र) अपनी बोलेरो से हरदोई में तिलक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। उनके साथ परिवार के आठ अन्य सदस्य भी थे। तिलक समारोह कासिमपुर थाना क्षेत्र के अलादादपुर नेवादा गांव में संपन्न हुआ था। कार्यक्रम के बाद सभी लोग उन्नाव के माखी थाना क्षेत्र स्थित पैगंबरपुर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान शारदा नहर की पटरी पर ग्राम कहचारी के पास वाहन का संतुलन बिगड़ गया और बोलेरो सड़क से नीचे उतरकर नहर में पलट गई। नहर में पानी कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया और सभी सवारियों को समय रहते बाहर निकलने का अवसर मिल गया। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह व कासिमपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी लोगों को खिड़की को काटकर बाहर निकाला गया। उसमें कुछ लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आई। जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने क्रेन की सहायता से बोलेरो को नहर से बाहर निकलवाया। घटना के बाद परिवार और क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली।

# फागुन महोत्सव की भव्य तैयारी में लगे मटेरा के श्याम प्रेमी

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। मटेरा श्री खाटू श्याम मंडल के तत्वाधान में विगत 28 वर्षों से खाटू श्याम जी का सतरंगी निशान भव्य महोत्सव मनाया जाता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल के द्वारा बताया गया की 26 तारीख को प्रातः 9:00 बजे निशान पूजन होगा उसके पश्चात रात्रि 7:00 से बाबा श्याम को रिझाने के लिए आमंत्रित भजन गायक आयुषी सोनी बहराइच व मयंक अग्रवाल मटेरा के द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। उसके पश्चात 27 तारीख को प्रातः 7:00 बजे मटेरा रिंग्स धाम से नानपारा खाटू धाम तक पैदल यात्रा निकलेगी जिसमें 700 से 1000 भक्ति सम्मिलित होंगे। जिसमें महिलाएं बच्चे और पुरुष शामिल हैं। कार्यक्रम के जगह-जगह जलपान एवं भोजन की व्यवस्था मंडल एवं भक्तों द्वारा की गई है। समापन स्थल श्री खाटू श्याम मंदिर नानपारा उसके पश्चात 28 तारीख को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ होगा। जिसके पाठ वाचक अनूप शुक्ला में पूर्व से बाबा के पाठ अखंड ज्योत है अपार माया श्याम देव की परवल छाया प्रस्तुत करेंगे उसके पश्चात स्वामी प्रसाद रहेगा। मुख्य अतिथि के रूप में मटेरा विधानसभा संयोजक आलोक अग्रवाल वशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष नवयुवक अग्रवाल समाज प्रदीप गोयल रहेंगे। कार्यक्रम स्थल मटेरा अग्रवाल अतिथि भवन निर्धारित किया गया है। हर साल तरह कार्यक्रम और भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

# चंद्रग्रहण के कारण चार मार्च को मनाया जाएगा होली का मुख्य पर्व : दाऊ जी

बहराइच होली समिति कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटी

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। होलिकोत्सव पर्व के मद्देनजर तैयारियां अंतिम चरणों में है। जिला प्रशासन व बहराइच होली समिति (रजि.) के समन्वय से होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। होलिकोत्सव महोत्सव के लिए बहराइच होली समिति के पदाधिकारियों,सदस्यों व कार्यकताओं की एक बैठक समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी के चौक बाजार स्थित प्रतिष्ठान पर समपन्न हुई। बैठक में होली पर्व की तैयारियों के लिए व्यूह रचना बनाई गई। होलिकोत्सव रविवार 01 मार्च से 05 मार्च तक मनाया जाएगा। अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी ने बताया कि सोमवार दो मार्च को होलिका दहन मुहूर्त के अनुसार सम्पन्न होगा। मंगलवार 03 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण होली का मुख्य पर्व 04 मार्च दिन बुधवार को मनाया जाएगा। होली पर्व के दिन सायंकाल 05 बजे से होली मिलन व रंगारंग कार्यक्रम एवं उपाधि वितरण घंटाघर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। वही दिनांक 05 मार्च को प्रातः 11 बजे से होली मिलन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम त्रिमुहानी घाट स्थित हनुमान मंदिर तथा रात्रि को 8.30 बजे से घंटाघर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। बैठक में महामंत्री सुमित खन्ना, आनंद सभासद, लाल शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष रस्तोगी, मनोज मिर्ची, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, हेमा निगम, अनुराग रस्तोगी, कन्हैया सोनी, नितिन रूपानी, अनुज पांडेय, कल्याण सिंह, चौधरी पूरन सिंह, सुधाकर मिश्रा, राजेश रस्तोगी, देवेन्द्र मिश्रा, सत्येंद्र रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, बच्चों ने जीता दिल

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र स्थित बाबू काशीराम बासमती देवी इंटर कॉलेज बाबागंज में सोमवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विशिष्ट अतिथि रमेश सिंह रावत व सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट आशीष कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ हरीश चंद उर्फ बंटू भैया तथा जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल नेता जी द्वारा दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। मुख्य अतिथि मंजू सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि मेहनत का फल सदैव मीठा होता है और संस्कारयुक्त शिक्षा से विद्यार्थी जीवन में सफलता प्राप्त कर समाज के अच्छे नागरिक बनते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक के साथ-साथ गीत, संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। विद्यालय प्रबंधक द्वारा सभी अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक वफा सलीम, वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा, शिक्षक सैयद सिराज जाफरी, एनके खालिद, सुएब, वाहिद, अंकिता, रेखा, पूजा, ललित जायसवाल, जवाहर लाल यादव सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# सफलता के मन्त्रों के साथ परीक्षार्थीयों को मिली विदाई



12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मटेही कला में स्थित श्रीमती राजकुमारी देवी ललिता प्रसाद यादव इंटर कालेज में सोमवार को बोर्ड परीक्षार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कक्षा नौ की छात्रा सावित्री ने स्वरचित कविता 'समय हो गया कि आज अलविदा की घड़ी आई हैं' के माध्यम से भावुकता के पलों को यादगार बना दिया। प्रधानाचार्य पंकज यादव ने बोर्ड परीक्षा में आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परीक्षाथीर्यों को सलाह दी कि वे कठिन विषयों का बार बार अभ्यास करें और परीक्षा के दौरान उत्तरों को स्पष्ट व सरल भाषा में लिखें। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व छात्र, छात्राएं मौजूद रहे।

# यूजीसी विधेयक की बहाली को लेकर कैसरगंज में जनआक्रोश, भीम आर्मी का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। यूजीसी विधेयक को पुनः बहाल किए जाने की मांग को लेकर कैसरगंज में जबरदस्त जनआंदोलन देखने को मिला। भीम आर्मी के सैकड़ों कार्यकताओं ने कैसरगंज बाजार में एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के कारण बाजार क्षेत्र में काफी देर तक हलचल का माहौल बना रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यूजीसी विधेयक सामाजिक न्याय और समान अवसर से जुड़ा हुआ विषय है, जिसकी बहाली से अन्य पिछड़ा वर्ग, दलित और वंचित समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि विधेयक को ठंडे बस्ते में डालकर सरकार वंचित वर्गों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के विधिक सलाहकार एडवोकेट बालक राम सरोज ने कहा कि यूजीसी विधेयक की बहाली अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने इसे शीघ्र बहाल नहीं किया तो भीम आर्मी आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक संगठन की नहीं बल्कि देश के करोड़ों पिछड़े और शोषित वर्ग के भविष्य से जुड़ी हुई है। प्रदर्शन के उपरांत भीम आर्मी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एसडीएम कैसरगंज को ज्ञापन सौंपकर केंद्र एवं राज्य सरकार से यूजीसी विधेयक को तत्काल प्रभाव से बहाल करने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक तेज किया जाएगा। भारी संख्या में जुटे कार्यकताओं की मौजूदगी से प्रशासन भी सतर्क नजर आया। पूरे प्रदर्शन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा। यह प्रदर्शन कैसरगंज ही नहीं बल्कि पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# समग्र शिक्षा (समेकित शिक्षा) का पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों के शिक्षण के लिए सहायक अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ प्रारम्भ। प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा की शिक्षा से जोड़ना और शिक्षकों को समावेशी शिक्षा के प्रति दक्ष बनाना है।

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा योजना के तहत सोमवार को कस्बा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बाबागंज प्रथम पर परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के शिक्षक प्रशिक्षण के लिए नमिता सहायक अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा की शिक्षा से जोड़ना तथा शिक्षकों को समावेशी शिक्षा के प्रति दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान स्पेशल एजुकेटर विनोद कुमार सिंह एवं अशोक कुमार ने सहायक अध्यापकों को दिव्यांग बच्चों के शिक्षण से जुड़ी प्रमुख टूल्स सिखाये गए। इस दौरान बीईओ राधेश्याम वर्मा नें कहा कि बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने और उनके शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहे हैं। इस मौके पर रेखा वर्मा, जब्बार अली, रमेश सोनकर, अरविन्द वर्मा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थिति रहे।

# अफगानिस्तान की विश्व कप में पहली जीत, यूएई को पांच विकेट से दी मात

## जीत के साथ सुपर आठ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अजमतुल्लाह उमरजई के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान के अर्धशतक से अफगानिस्तान ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में यूएई को पांच विकेट से हराकर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी धुंधली उम्मीदों को जीवंत रखा। यूएई के 161 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने जादरान (53 रन, 41 गेंद, छह चौके, एक छक्का), दारविश रसूली (23 गेंद में 33 रन) और अजमतुल्लाह (21 गेंद में नाबाद 40 रन, तीन छक्के, दो चौके) की पारियों से 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। पहले दो मैच में शिकस्त झेलने वाले अफगानिस्तान के ग्रुप में अब दो अंक हैं। यूएई के भी दो अंक हैं। दक्षिण अफ्रीका छह अंक के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर चुका है जबकि न्यूजीलैंड के चार अंक हैं। इन सभी टीम ने तीन-तीन मैच खेले हैं। यूएई की ओर से जुनैद सिद्दिकी ने 23 जबकि मोहम्मद अरफान ने 30 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### यूएई की टीम 160 रन पर ढेर

इससे पहले अजमतुल्लाह (15 रन पर चार विकेट) और मुजीब उर रहमान (31 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने यूएई की टीम नौ विकेट पर 160 रन ही बना सकी। शोएब खान ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से 68 रन की पारी खेलने के अलावा आलीशान शराफू (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।



| टी20 क्रिकेट में प्रदर्शन | | | |
|---|---|---|---|
| मैच | 518 | औसत | 18.5 |
| पारी | 513 | इकानॉमी | 6.58 |
| विकेट | 700 | 5 विकेट हॉल | 04 |
| | | 4 विकेट हॉल | 18 |

## राशिद ने रचा इतिहास...

### टी20 में 700 विकेट लेने वाले बने पहले गेंदबाज

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 28वें लीग मैच में अफगानिस्तान ने यूएई को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लिया और वो टी20 प्रारुप में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। टी20 में इस वक्त सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में राशिद खान पहले नंबर पर हैं। राशिद खान ने यूएई के खिलाफ एक विकेट लेते ही इतिहास रच दिया और टी20 प्रारुप में वो 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। राशिद खान ने ये कमाल अपने टी20 करियर के 518वें मैच की 513वें पारी में किया। इन मैचों में राशिद खान का औसत 18.5 का है जबकि इकानॉमी रेट 6.58 का रहा है।

# 'सुपर-8' में पहुंचा इंग्लैंड

## इटली को हराया, जैक्स ने जड़ा अर्धशतक



कोलकाता। इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड कप के 29वें मुकाबले में इटली के खिलाफ 24 रन से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में तीसरी जीत के साथ इंग्लैंड ने 'सुपर-8' में जगह बना ली है। इंग्लैंड के अलावा ग्रुप-सी से वेस्टइंडीज भी अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने 7 विकेट खोकर 202 रन बनाए। इस टीम के लिए फिलिप सॉल्ट ने जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए 21 रन जोड़े। बटलर महज 3 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सॉल्ट ने 28 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। यह टीम 105 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो चुकी थी, जहां से विल जैक्स ने सैम करन के साथ छठे विकेट के लिए 25 गेंदों में 54 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जैक्स 22 गेंदों में 4 छक्कों और 3 चौकों के साथ 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि करन ने 19 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। विपक्षी खेमे से ग्रांट स्टीवर्ट और क्रिशन कलुगामागे ने 2-2 विकेट निकाले।

### इटली के मेनेंटी ने जड़े 6 छक्के, खेली 60 रन की पारी

इसके जवाब में इटली की टीम 178 रन पर सिमट गई। इस टीम ने महज 22 के स्कोर तक अपने 3 विकेट खो दिए थे। यहां से जस्टिन मोस्का ने बेन मेनेंटी के साथ चौथे विकेट के लिए 48 गेंदों में 92 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 114 के स्कोर तक पहुंचाया। बेन मेनेंटी 25 गेंदों में 6 छक्कों और 4 चौकों के साथ 60 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद मोस्का ने ग्रांट स्टीवर्ट (45) के साथ छठे विकेट के लिए 21 रन जुटाकर टीम को 135 के स्कोर तक पहुंचा दिया। इटली ने 135 के स्कोर पर पांचवां विकेट गंवाया, जिसके बाद 16वें ओवर की लगातार दो गेंदों पर विकेट खोकर टीम संकट में आ गई, लेकिन यहां से स्टीवर्ट ने जसप्रीत सिंह (12) के साथ 18 गेंदों में 40 रन की साझेदारी करते हुए टीम में एक बार फिर जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही टीम बिखर गई।

# निसांका का शतक, श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

**निसांका बने मैन ऑफ द मैच, 'सुपर-8' में पहुंचा श्रीलंका**

पालेकल (भाषा)। पथुम निसांका की नाबाद शतकीय पारी के बूते श्रीलंका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। निसांका की 52 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी से श्रीलंका ने जीत के लिए मिले रिकॉर्ड 182 रन के लक्ष्य को 18 ओवर में दो विकेट गंवाकर आसानी से हासिल कर लिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाने के अलावा दूसरे विकेट के लिए कुसल मेंडिस (38 गेंद में 51) के साथ 66 गेंद में 97 जबकि पवन रथनायके (15 गेंद में नाबाद 28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 79 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिला दी। इस हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। अब उसे अपने अंतिम मैच में ओमान के खिलाफ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी और बेहतर नेट रन रेट के लिए अन्य परिणामों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। जिम्बाब्वे ने म अगर आयरलैंड को हरा दिया तो ऑस्ट्रेलिया का सफर ग्रुप चरण में ही खत्म हो जायेगा। इससे पहले कप्तान मिचेल मार्श और ट्रेविस हेड के विस्फोटक अर्धशतकों के दम पर मजबूत शुरुआत करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी 181 रन पर सिमट गयी। चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाए मार्श ने वापसी करते ही आक्रामक अंदाज अपनाया और 27 गेंदों में 54 रन ठोक डाले।

### आज जिम्बाब्वे जीता तो ऑस्ट्रेलिया बाहर

**करो या मरो जैसा हाल, एक हार कर देगी बंटाधार**

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे खूंखार टीम कही जाने वाली ऑस्ट्रेलिया का हाल टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बुरा हो चुका है। जिम्बाब्वे ने उलटफेर कर ऑस्ट्रेलिया के लिए करो या मरो की स्थिति पैदा कर दी है। श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप में 8 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम इस टूर्नामेंट से लगभग बाहर हो गई है। अब उसकी उम्मीदें जिम्बाब्वे की हार पर टिकीं हैं। अगर जिम्बाब्वे मंगलवार को होने वाले मैच में आयरलैंड को हरा देती है, तो ऑस्ट्रेलिया बाहर हो जाएगी।

## खबर संक्षेप



### नेपाल के खिलाड़ियों पर दबाव डालना जरूरी

मुंबई। नेपाल के कोच निक पोथास का मानना है कि अच्छा प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों पर आगे और अधिक दबाव डालने की जरूरत है और उन्होंने अपने खिलाड़ियों से अपील की कि वे मंगलवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने मैच में पिछले दो मैचों में की गई गलतियों को न दोहराएं। नेपाल ने टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में इंग्लैंड को कड़ी टक्कर दी लेकिन उसके बाद से उसके प्रदर्शन में गिरावट आई है तथा उसे इटली और वेस्टइंडीज से क्रमशः 10 और नौ विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। पोथास ने कहा, 'अगर हमें नेपाल क्रिकेट में सुधार लाना है तो हमें बुनियादी ढांचा तैयार करना होगा। टीमें तभी बेहतर प्रदर्शन करती हैं जब खिलाड़ियों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होता है। मुझे नहीं पता कि नेपाल में ऐसा क्या है, लेकिन क्रिकेट में सुधार के लिए खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव महसूस करना जरूरी है।'

### द.अफ्रीका के खिलाफ हार का कोई असर नहीं पड़ेगाः ग्लेन फिलिप्स



चेन्नई। न्यूजीलैंड के हरफनमौला ग्लेन फिलिप्स ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार का असर ग्रुप डी में सबसे निचले पायदान पर काबिज कनाडा के खिलाफ उनके मैच पर नहीं पड़ेगा और टीम इस मुकाबले को जीतकर सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। न्यूजीलैंड फिलहाल तीन मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप तालिका में दूसरे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका छह अंकों के साथ सुपर आठ में पहुंच चुका है। दक्षिण अफ्रीका से सात विकेट की हार झेलने के बाद न्यूजीलैंड की कोशिश अपनी खामियों को दूर कर खिताब के दावेदार के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की होगी। फिलिप्स ने कहा, ' टी20 मैचों में जीत और हार के बीच बहुत कम अंतर होता है। पिछले दिन दक्षिण अफ्रीका ने खेल के हर पहलू में शानदार प्रदर्शन किया। हमने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका को अलग-अलग प्रारूपों में कड़ी टक्कर दी है।''

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : पडिक्कल ने जड़ा दोहरा शतक, कर्नाटक ने खड़ा किया रनों का पहाड़

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कप्तान देवदत्त पडिक्कल के प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पहले दोहरे शतक की मदद से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ छह विकेट पर 689 रन बनाए। रविचंद्रन स्मरण ने भी 191 गेंद में 11 चौकों की मदद से नाबाद 121 रन की पारी खेली। पडिक्कल ने 330 गेंद में 29 चौकों और तीन छक्कों के साथ 232 रन बनाए।



### कर्नाटक ने रखी लय कायम

अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 355 रन से आगे खेलते हुए कर्नाटक ने उसी लय को कायम रखा। पडिक्कल और करुण नायर (105 गेंद में 60 रन ) ने तीसरे विकेट के लिए 129 रन जोड़े। उत्तरखंड को पहली सफलता अभय नेगी ने दिलाई, जिन्होंने करुण को विकेटकीपर सौरभ रावत के हाथों लपकवाया। पडिक्कल ने 288 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह स्मरण के साथ 59 रन की साझेदारी करने के बाद लक्ष्य रायचंदानी की गेंद पर विकेटकीपर रावत को कैच देकर लौटे। श्रेयस गोपाल खाता भी नहीं खोल सके और आदित्य रावत की गेंद पर बोल्ड हो गए। वहीं पडिक्कल के आउट होने के बाद स्मरण ने विकेटकीपर कृतिक कृष्णा के साथ 123 रन की साझेदारी की। कृष्णा ने 103 गेंद में 60 रन बनाए, जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल था। आफ स्पिनर अवनीश सुधा ने कृष्णा को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) ने स्मरण के साथ सातवें विकेट की अटूट साझेदारी में 81 रन जोड़ लिए हैं।

# जम्मू कश्मीर और बंगाल में टक्कर आकिब के सत्र में 50 विकेट पूरे

**बंगाल की टीम ने पहली पारी में बनाए 328 रन**

एजेंसी ▶▶ कल्याणी

मोहम्मद शमी के तीन विकेट के बावजूद जम्मू कश्मीर ने बंगाल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को पांच विकेट पर 198 रन बना लिए, जिससे मुकाबला अभी भी बराबरी का है। बंगाल ने पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी में 328 रन बनाए। जम्मू कश्मीर के लिए आकिब नबी ने 26 ओवरों में 87 रन देकर पांच विकेट लिए। इस रणजी सत्र में उनके 50 विकेट पूरे हो गए हैं। बंगाल के लिए फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज सुदीप कुमार घरामी कल के स्कोर में दस रन और जोड़कर 146 रन पर आउट हो गए। अनुभवी सुमंता गुप्ता ने 36 गेंद में 39 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुनील कुमार ने 20 ओवरों में 41 रन देकर तीन विकेट लिए।



### डोगरा के रणजी ट्रॉफी में 10 हजार रन पूरे

जम्मू कश्मीर की पारी में शमी ने बंगाल के लिए शानदार पहला स्पैल डाला। उन्होंने सलामी बल्लेबाज शुभमन खजूरिया (तीन) और ताविर हुसैन (दो ) को पगबाधा आउट किया जबकि शुभम पुंडीर ने मुकेश कुमार की गेंद पर स्लिप में सुदीप चटर्जी को कैच थमाया।

तीन विकेट 13 रन पर गिरने के बाद जम्मू कश्मीर के लिये अनुभवी कप्तान पारस डोगरा ने 112 गेंद में 58 रन बनाये और युवा आईपीएल स्टार अब्दुल समद ने 85 गेंद में 82 रन की पारी खेली। डोगरा ने रणजी ट्रॉफी में 10000 रन भी पूरे कर लिए।

### यूएई और उपमहाद्वीप के बाहर अधिक मैच खेलने होंगेः ट्रॉट

नई दिल्ली। शीर्ष टीमों के खिलाफ अधिक द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के कप्तान राशिद खान के नजरिए का समर्थन करते हुए अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि उन्हें इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में भी खेलना सीखना होगा। मौजूदा टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने की कगार पर खड़े अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने जोर दिया था कि छोटे देशों को शीर्ष टीम के खिलाफ नियमित रूप से खेलना चाहिए, जिससे कि बड़े टूर्नामेंट अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें। ट्रॉट ने कहा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने के अलावा उन्हें यूएई (अफगानिस्तान के घरेलू मुकाबलों का मेजबान) और उप महाद्वीप के बाहर भी खेलना सीखना होगा। ट्रॉट ने कहा, ' मैं और भी अधिक द्विपक्षीय श्रृंखलाएं चाहूंगा।

# पांच भारतीय खिलाड़ियों ने किया पाकिस्तान के घमंड को चकनाचूर

**कोलंबो।** टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ एक और यादगार जीत दर्ज कर भारत ने सुपर-8 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। इस महामुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हरा दिया। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इस हाईवोल्टेज मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया के 5 खिलाड़ियों ने पाकिस्तान के घमंड को चकनाचूर किया।

### ईशान किशन की धमाकेदार शुरुआत

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 175 रन बोर्ड पर लगाए। यह स्कोर टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी था। ओपनर इशान किशन ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने तेज रन गति बरकरार रखते हुए 40 गेंदों में 77 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट्स लगाए और पाकिस्तान के गेंदबाजों को दबाव में रखा।



### सूर्यकुमार यादव की जुझारू पारी

ईशान के आउट होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। उन्होंने बीच के ओवरों में समझदारी से बल्लेबाजी की और तिलक वर्मा के साथ साझेदारी कर टीम को 170 के पार पहुंचाया। सूर्य ने 29 गेंदों में 32 रनों की पारी खेली, जो टीम के लिए काफी अहम साबित हुई।



### बुमराह का घातक स्पैल

इसके बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने स्पेल में सैम अयूब और सलमान अली आगा के रूप में लगातार दो विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को बैकफुट पर धकेल दिया। उनके प्रदर्शन ने पाकिस्तान की रन गति पर ब्रेक लगा दिया।

### हार्दिक ने गेंद से दिखाया दम

175 रनों के लक्ष्य का बचाव करने उतरी भारतीय टीम को गेंदबाजों ने शानदार शुरुआत दी। हार्दिक पंड्या ने अपने पहले ही ओवर में पाकिस्तान के ओपनर को आउट कर टीम को शुरुआती सफलता दिलाई। उन्होंने 3 ओवर में सिर्फ 16 रन देकर 2 विकेट लिए और बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।

### अक्षर की फिरकी ने उम्मीदें खत्म कर दीं

बीच के ओवरों में स्पिनर अक्षर पटेल ने भी कमाल किया। उन्होंने पाकिस्तान के प्रमुख बल्लेबाजों को आउट कर मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने भी एक ही ओवर में दो विकेट लिए और मैच पूरी तरह से भारत की झोली में डाल दिया। भारतीय गेंदबाजों के सामने पाकिस्तान की पूरी टीम 114 रनों पर सिमट गई। इस जीत से भारत ने न सिर्फ अपने ग्रुप में बढ़त बना ली बल्कि सुपर-8 में पहुंचने की राह भी आसान कर ली। अब टीम इंडिया का अगला मैच 18 फरवरी को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड के खिलाफ खेला जाएगा।

**आज सुबह 11 बजे से कनाडा और न्यूजीलैंड में टक्कर**

# पावरप्ले की कमजोरी को दूर करने की कोशिश करेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड की कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आ गई थी और उसकी टीम अब कनाडा के खिलाफ मंगलवार को होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम मैच में इन्हें दूर करने और सुपर आठ में जगह पक्की करने की कोशिश करेगा।

विश्व कप से ठीक पहले भारत में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम उपमहाद्वीप की परिस्थितियों से काफी हद तक अभ्यस्त होकर टूर्नामेंट में उतरी। अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ आसान जीत ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टीम के खिलाफ उसे सात विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार ने हर विभाग में, खासकर बल्लेबाजी में उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया।



### रचिन की खराब फॉर्म चिंता का विषय

न्यूजीलैंड के लिए पावरप्ले की परेशानियां लगातार चिंता का विषय बनी हुई हैं, क्योंकि शुरुआती विकेट गिरने से लय बिगड़ जाती है और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को पारी को संवारने का काम करना पड़ता है। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर रचिन रविंद्र की खराब फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अगले दौर में प्रवेश करने वाला है तो न्यूजीलैंड के टीम प्रबंधन उनके जल्दी लय में लौटने की उम्मीद कर रहा होगा। गेंदबाजी में न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी।

### कनाडा अंक तालिका में निचले पायदान पर

*दूसरी तरफ कनाडा की भी अपनी परेशानियां हैं। उसकी टीम दक्षिण अफ्रीका और यूएई के खिलाफ अपने दोनों मैच हारने के बाद अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। टूर्नामेंट से पहले प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव न होने का असर उनके प्रदर्शन में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। उपमहाद्वीप की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना भी उनके लिए मुश्किल रहा है। यूएई से हार के बाद तेज गेंदबाज दिलोन हेइलिगर ने कहा था, 'हम यहां की तुलना में काफी कम तापमान में रहते हैं और हमारे पास क्रिकेट खेलने के लिए साल में केवल तीन महीने होते हैं। हम इनडोर अभ्यास करते हैं। इसलिए हमारे लिए यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है।'*

# स्मृति को बीबीसी 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर 2025' पुरस्कार मिला

नई दिल्ली महिला वनडे विश्व कप 2025 में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाली भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को यहां एक भव्य समारोह में 2025 की बीबीसी 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर (साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी)' पुरस्कार के लिए चुना गया। शतरंज की युवा प्रतिभा दिव्या देशमुख को 20 वर्ष की उम्र में फिडे महिला विश्व कप जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ उभरती हुई खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। पैरा एथलीट प्रीति पाल को 2024 पेरिस पैरालंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो कांस्य पदक जीतने के लिए साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा खिलाड़ी चुना गया। पूर्व निशानेबाज अंजलि भागवत को



'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज रही हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के साथ मौजूद मंधाना ने वीडियो संदेश में कहा, /"बीबीसी का धन्यवाद, जिन्होंने मुझे साल का सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार दिया। 2025 महिला क्रिकेट के लिए खास साल रहा, खासकर साल के अंत में विश्व कप जीतना। मुझे खुशी है कि मैं भारत की जीत में योगदान दे सकी।/"

## मंडल आयुक्त ने ग्राम पंचायत पकरी में लगाई चौपाल, सरकार के योजनाओं की जानी हकीकत

**मंडल आयुक्त ने ग्राम पंचायत पकरी में चौपाल लगाकर गांव में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति का निरीक्षण किया, ग्रामीणों से सीधा संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभ की वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त की।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। ग्राम पंचायत पकरी में मण्डला आयुक्त ने चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय निर्माण) एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे सवांद की, उन्होंने लाभार्थियों से पूछा कि उन्हें आवास, शौचालय एवं पेंशन की धनराशि समय से प्राप्त हो रही है या नहीं तथा किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है। ग्रामीणों ने योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी दी, जिस पर मंडल आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से लाभान्वित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त ग्राम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंडल आयुक्त ने ग्रामीणों से जलापूर्ति की नियमितता, पाइपलाइन की कार्यस्थिति एवं बिजली आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली, उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, जिसके लिए निरंतर निगरानी एवं जनसंवाद आवश्यक है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## अनियंत्रित होकर बाईक सवार सड़क किनारे खाई में पलटे, दो घायल

अमन लेखनी समाचार



डाला सोनभद्र।चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुडवा एचपी पेट्रोल पंप के सामने डाला के तरफ से जा रहे एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिरने से दो घायल हो गए एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को शाम में चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुडवा एचपी पेट्रोल पंप के सामने डाला के तरफ से जा रहे एक बाइक पर दो लोग सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गए जिसमें एक ही बाइक पर कोडरी बेलहत्थी निवासी ओमप्रकाश पुत्र बलराम खरवार ,जदवीर पुत्र रामजतन खरवार घायल सवार थे जो गिर घायल हो गए वहीं घटना के बाद प्रत्यक्षदशीयों ने तत्काल ऐम्बुलेंस को दी और सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को चोपन अस्पताल भेजवाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल ओमप्रकाश की स्थिति नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहीं दुसरे घायल को ठीक ठीक बताया जा रहा है जहां उपरोक्त घटना को लेकर स्थानीय पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर सतर्कता अभियान सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में महिलाओं वं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य फोकस महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, विधिक अधिकारों की जानकारी एवं साइबर अपराधों से बचाव रहा। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के सरल उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। पुलिस द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा या साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। प्रत्येक शिकायत पर त्वरित एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर-

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

सोनभद्र पुलिस महिला सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है एवं मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत यह अभियान सतत रूप से संचालित किया जाता रहेगा।

### खास समाचार

## पिपरी पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड की धनराशि 10,500/- कराई गई वापस




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में तथा थाना पिपरी की साइबर टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए साइबर फ्रॉड से पीड़ित आवेदक की धनराशि कराई गई वापस उक्त क्रम में आवेदक विवेक कुमार सिंह पुत्र श्रीपति सिंह, निवासी मुर्धवा, रेनूकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र, के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड कर धनराशि ट्रांसफर करा ली गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड हुई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा नियमानुसार नोटिस प्रेषित कर कुल 10,500/- रुपये सफलतापूर्वक आवेदक के मूल बैंक खाते में वापस कराए गए।

## घोरावल पुलिस द्वारा 10 किलो 290 ग्राम अवैध गांजा बरामद, 2 अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग एवं अपराध नियंत्रण व नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत दिनांक 16.02.2026 को थाना घोरावल पुलिस टीम द्वारा प्रभारी कार्यवाही की गया थाना घोरावल पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल संख्या इफ-45द-0358 से दो व्यक्ति ग्राम-पडवनिया थाना-घोरावल की ओर से आते दिखाई दिए, जो पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने लगे, मोटरसाइकिल तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर पथरीले स्थान पर गिर गई। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल पर रखे प्लास्टिक के बोरे से कुल 10 किलो 290 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उक्त गांजा अधौरा (बिहार) के एक व्यक्ति (नाम पता अज्ञात)से खरीदकर सिंगरौली (म0प्र0) बेचने जा रहे थे। अभियुक्तगणों को मौके से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 28/2026 धारा 08/20 ठऊढर अू३ पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायलय के समक्ष भेजा गया, तथा मोटरसाइकिल को धारा 207 टश अू३ के अंतर्गत सीज किया गया है।

## आर पी एफ को करारी शिकस्त, एस एंड टी ने 83 रन से दर्ज की शानदार जीत

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। रेलवे क्रिकेट टूनार्मेंट के तहत आज खेले गए मुकाबले में एस एंड टी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आर पी एफ को 83 रन से पराजित कर दिया। मैच में एस एंड टी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 150 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कपिल ने 52 रन और आशीष ने 43 रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए दर्शकों को खूब रोमांचित किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर पी एफ की टीम एस एंड टी के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी और पूरी टीम मात्र 67 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार एस एंड टी की टीम ने यह मुकाबला 83 रनों से जीतकर टूनार्मेंट में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज करा ली। मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले आशीष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आशीष ने 43 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने के साथ-साथ 3 विकेट भी हासिल किए। उन्हें यह पुरस्कार आई डी सी टी के अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह द्वारा प्रदान किया गया। कल के बड़े मुकाबले टूनार्मेंट में कल दो अहम मुकाबले खेले जाएंगे–

मैचों में अंपायर और स्कोरर की भूमिका सी एंड डब्लू और लोको टीम द्वारा निभाई जाएगी। सभी टीमों को समय का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। क्रिकेट प्रेमियों में टूनार्मेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और आगामी मुकाबलों से और भी रोमांचक खेल की उम्मीद जताई जा रही है।

## अवैध खनन परिवहन पर सख्ती, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई- जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में खनन विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कहीं भी अवैध खनन पाए जाने पर संबंधित खनन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी, उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, अवैध खनन की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में नदियों के जल क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाए। यदि किसी भी स्थान पर अवैध खनन पाया जाता है तो संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाये एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाये। वन क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर वन विभाग द्वारा प्रभावी अभियान चलाकर निरंतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिलाधिकारी ने अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए, बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर तत्काल जुमार्ना एवं जब्ती की कार्रवाई की जाए, नंबर प्लेट बदलकर परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा भारी जुमार्ना लगाया जाए तथा ऐसे मामलों में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस दौरान उन्होंने कहाकि जनपद में संचालित आरा मशीनों की जिसके वैध लाईसेंस हैं, वन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाये और अवैध तरीके से संचालित आरा मशीनों के खिलाफ कार्यवाही की जाये इस मौके पर ज्येष्ठ खान खान अधिकारी कमल कश्यप, डी0एफ0ओ0 राबर्टसगंज, पुलिस क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## पिपरी में जल शक्ति आध्यात्मिक पार्क का लोकार्पण, महाशिवरात्रि पर हुआ शिव उपासना- सत्संग कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार




पिपरी सोनभद्र।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा निर्मित जल शक्ति आध्यात्मिक पार्क एवं जल शक्ति तोप का लोकार्पण वीआईपी कॉलोनी निवासियों के उपयोगार्थ उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीआईएसएफ रिहन्द परियोजना के उप कमांडेंट मुकेश कुमार रिहन्द-ओबरा के परियोजना प्रमुख सुरेश चन्द्र बुनकर मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभाग के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता सहित विद्युत उत्पादन निगम के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लोकार्पण से पूर्व महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में जल शक्ति आध्यात्मिक पार्क में शिव उपासना एवं सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान एसडीएम पिपरी निखिल यादव एवं परियोजना प्रमुख सुरेश चन्द्र बुनकर ने वीआईपी ऑफिसर्स क्लब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्लब में उपलब्ध आधुनिक खेलकूद सुविधाओं और स्विमिंग पूल को और अत्याधुनिक बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। रिहन्द बांध परियोजना प्रमुख बुनकर द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की नगरवासियों ने सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाओं से क्षेत्र में आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## मंडल आयुक्त द्वारा तहसील नगर पंचायत एवं कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों का किया निरीक्षण

**अधिक समय से लम्बित मुकदमों का प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाये–मण्डलायुक्त मीरजापुर**

**तहसील परिसर में निष्प्रयोज्य सामग्रियों कि की जाये नीलामी– मण्डलायुक्त मीरजापुर।**

**प्रशासन की प्राथमिकता पारदर्शिता, समयबद्ध कार्यवाही एवं जनसेवा– मण्डलायुक्त मीरजापुर।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। राजेश प्रकाश, मंडल आयुक्त विंध्याचल मंडल मीरजापुर ने आज जनपद भ्रमण के दौरान तहसील राबर्ट्सगंज, कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों एवं नगर पंचायत चुर्क/गुरमा का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यप्रणाली, साफ-सफाई, वाद-निस्तारण एवं नागरिक सुविधाओं की स्थिति का गहन अवलोकन किया। तहसील रावर्ट्सगंज के निरीक्षण के समय मंडल आयुक्त ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, अनावश्यक रूप से रखी गई सामग्रियों की नीलामी कर परिसर को सुव्यवस्थित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी मुकदमों एवं वादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े। अभिलेखागार एवं रिकॉर्ड व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके पश्चात मंडल आयुक्त ने नगर पंचायत चुर्क/गुरमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को निर्देश दिए कि नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति निर्बाध एवं सुचारू रूप से की जाए। साथ ही नियमित साफ-सफाई, नालियों की सफाई तथा कूड़ा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाए। राजस्व वसूली के कार्यों में तेजी लाने एवं कर संग्रहण को प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। मंडल आयुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान शिकायत कक्ष, जिला आपदा प्रबंधन कक्ष, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कक्ष, न्यायालय सहायक कक्ष, अभिलेखागार कक्ष एवं रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने खतौनी संख्या 1359, 60, 61 एवं 62 का अवलोकन कर अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल आयुक्त ने कहा कि सभी पत्रावलियों का समय से निस्तारण किया जाए तथा कोई भी मुकदमा अनावश्यक रूप से लंबित न रहे उन्होंने निर्देश दिए कि अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए तहसील के मुकदमों की मासिक समीक्षा करायी जाये, इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से सम्बन्धित जीपीएफ पासबुक से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के देयकों का शीघ्र भुगतान तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। मंडल आयुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता पारदर्शिता, समयबद्ध कार्यवाही एवं जनसेवा होनी चाहिए, जिससे आम नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय प्रदीप कुमार यादव सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## 27 जायरीनो/हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण दिया गया

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की ओर से वर्ष 2026 में हज को जाने वाले जनपद सोनभद्र के सभी 27 जायरीनों/हज यात्रियों का टीकाकरण, मेडिकल स्क्रीनिंग एवं प्रशिक्षण ओबरा के इस्लामिया इंटर कॉलेज में सोमवार दिनांक 16 फरवरी को कराया गया। टीकाकरण कैंप में जिले से 27 जायरीन पहुंचे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोनभद्र के निर्देश पर डॉ. आलोक सहाय प्रभारी स्वास्थ्य केंद्र ओबरा के नेतृत्व में आयोजित कैंप में टीकाकरण किया गया। चिकित्सा टीम मेंचिकित्साधिकारी, नगरीय प्रा०स्वा०केन्द्र, ओवरा श्रीमती आकांक्षा स्टाफ नर्स, नगरीय प्रा०स्वा०केन्द्र, ओबरा मो० नसीम शाह कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, सोनभद्र श्रीमती सीमा एच०वी०, ओबरा, सामु० स्वा०केन्द्र, चोपन, उपस्थित थीं जिन्होंने जायरीनों के ब्लड प्रेशर व शुगर की भी जांच कर प्रमाणपत्र दिया। हज प्रशिक्षक नज्म अली ने विस्तार से हज यात्रा सम्बंधित प्रशिक्षण दिया। ओबरा जामा मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद असलम और इंतजामिया कमेटी के सचिव राज अली अंसारी ने प्रशिक्षण की पूरी व्यवस्था की। इस मौके पर इंतजामिया कमेटी के सदर हुसैन वहीदी, नायाब सदर मोहम्मद अली, उप सचिव अली शेर अहमद, मोहम्मद फिरोज,रियाज एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## रॉबर्ट्सगंज की साइबर पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड के 20,000/- कराए वापस




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना राबर्ट्सगंज की साइबर क्राइम पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए साइबर फ्रॉड से पीड़ित आवेदिका की धनराशि कराई गई वापस उक्त क्रम में आवेदिका विद्या देवी निवासी वार्ड नं.-16, घवरा मोहल्ला, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 12.02.2026 को 25,000/- की साइबर ठगी की घटना घटित हुई थी शिकायत प्राप्त होने पर साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार कर फ्रॉड हुई धनराशि को होल्ड कराया गया तथा नियमानुसार नोटिस प्रेषित कर कुल 20,000/- रुपये सफलतापूर्वक आवेदक के मूल बैंक खाते में वापस कराए गए।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।


मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## महेश बाबू ने लॉन्च किया भव्यता रहस्य से भरा नागबंधम का टीजर

नई दिल्ली। 'ब्रह्मा की रचना से जन्मा... विष्णु के धर्म से सुरक्षित... महादेव के क्रोध से शक्ति प्राप्त...', यह दमदार लाइन 'नागाबंधम' की आत्मा को बखूबी बयां करती है। यह एक ऐसी गाथा है जहां दिव्यता, नियति और विनाश का आमना-सामना होता है। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, अभिषेक नामा के डायरेक्शन में बनी माइथो-एक्शन फिल्म 'नागबंधम' का मचअवेटेड टीजर महेश बाबू ने रिलीज किया। फिल्म में विराट कर्णा लीड रोल में हैं। प्रोड्यूसर किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने इस फिल्म को एक बहुत बड़े स्केल पर तैयार किया है, जिसमें वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्शन वैल्यू साफ नजर आ रही है।



लाइफ Style

## सारा अर्जुन


### शेयर की अहम सूचना, सतर्क रहने की दी हिदायत

धुरंधर अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रविवार को अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर एक खास सूचना भी जारी की है। फिल्म 'धुरंधर' में सारा अर्जुन के अभिनय को खूब सराहा गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब फिल्म 'धुरंधर 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के बारे में एक अहम सूचना जारी करते हुए सभी को सतर्क रहने की हिदायत दी है। 'धुरंधर' अभिनेत्री सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सभी फैंस को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं देते हुए लिखा, 'आप सभी को गुड मॉर्निंग और सभी को महाशुवरात्रि की शुभकामनाएं।' इस पोस्ट के साथ सारा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल को लेकर भी अहम सूचना जारी की है। सारा अर्जुन ने आज इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक खास सूचना दी है। सारा ने बताया है कि वह ट्विटर पर नहीं हैं। सारा ने लिखा, 'मैं बस कुछ जरूरी बातें शेयर करना चाहती हूं। मैं ट्विटर पर नहीं हूं।' सारा ने आगे यह भी बताया कि ट्विटर प्लेटफॉर्म पर उनका कोई ऑफिशियल अकाउंट नहीं है। इसके साथ ही सारा ने न्यूज चैनल्स को सतर्क रहने की भी सलाह दी है। सारा ने लिखा, '(न्यूज चैनल) अगर आपको मेरे नाम से किसी हैंडल से कोई ट्वीट या बयान दिखे, तो प्लीज जान लें कि वह मैं नहीं हूं और वह किसी भी तरह से मुझसे जुड़ा नहीं है।' आगे सारा ने लिखा की उन्हें समझने के लिए धन्यवाद।

हॉलीवुड मसाला




## सिंगर से नहीं किया कभी प्यार

नई दिल्ली। एक टाइम पर जैन मलिक जीजी हदीद को हमेशा अपने पास रखना पसंद करते थे, लेकिन अभी पिछले काफी समय से दोनों साथ में दिखाई नहीं दिए। दोनों को अलग हुए पांच साल से भी अधिक समय हो गया है और अब जाकर वन डायरेक्शन के पूर्व सदस्य जैन मलिक ने इस पर बात की। जैन ने कहा कि हालांकि दोनों ने पांच सालों तक डेट किया, लेकिन उन्हें अब लगता है कि उनके बीच प्यार कभी था ही नहीं। जैन ने शो कॉल हर डैडी पर कहा, 'सच कहूं तो यह बात रिकॉर्ड पर रहे, मैं हमेशा जी से प्यार करूंगा, क्योंकि मेरी बच्ची के इस दुनिया में होने का कारण वही है।



## चीन के वीडियो मॉडल ने हालीवुड की उड़ाई नींद

नई दिल्ली। वो हॉलीवुड जिसके इंटेंस एक्शन सीक्वेंस को टक्कर देने के लिए मेकर्स करोड़ों रुपए खर्च करते थे और कुछ को रीक्रिएट करने में प्रोड्यूसर्स के पसीने छूट जाते हैं।.. अब वो सीन्स एआई के जरिए मिनटों में बनाए जा सकते हैं। जी हां, एक नए एआई वीडियो मॉडल के आने से माना जा रहा है कि यह हॉलीवुड के लिए खतरा बन सकता है। कुछ लोग तो इसे 'हॉलीवुड किलर' बता रहे हैं। यह एआई वीडियो मॉडल चीन से आया है। डायरेक्टर रुएरी रॉबिन्सन ने टॉम और ब्रैड का एआई मेड फाइट सीन वाला वीडियो शेयर किया है और लिखा है, 'लोग इसे अब तक का सबसे भरोसेमंद प्लॉट ट्विस्ट कह रहे हैं।' इस वीडियो को हॉलीवुड के को-राइटर रेट रीज ने वीडियो रीशेयर करते हुए दुख जताया। उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है।



## यश की टॉक्सिक हो सकती है पोस्टपोन

मुंबई। यश की फिल्म टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है। एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें कारण बताते हुए फिल्म की रिलीज डेट 19 मार्च की जगह आगे बढ़ने की बात कही गई है।। टॉक्सिक और धुरंधर 2 के बीच जबरदस्त क्लैश हो रहा था। इस साल मार्च में इस साल की सबसे बड़ी बॉक्स ऑफिस टक्कर होने वाली है। रणवीर सिंह की धुरंधर 2 और यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक एक ही दिन 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। दोनों ही बड़े बजट की फिल्में हैं जिनका इंतजार हो रहा है। ट्रेड एनालिस्ट पहले ही बता चुके हैं कि इस क्लैश से एक को तगड़ा नुकसान हो सकता है। इस क्लैश को टाले जाने पर बातचीत होने की खबर थी। लेकिन, अब एक रेडिट गॉसिप सामने आई है। इसके मुताबिक टॉक्सिक की रिलीज पोस्टपोन हो सकती है।



## एक्टर्स को एआई से हो सकता है नुकसान

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन इंडस्ट्री के उन स्टार्स में से हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल प्ले किए हैं। उन्होंने पर्दे पर कॉमेडी से लेकर बतौर एक्टर और विलेन का किरदार निभाया है। अभिषेक प्रोफेशनल लाइफ के साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बने रहते हैं। ऐसे में अभिषेक बच्चन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में अपनी राय दी है कि यह कैसे 'एक्टर्स के लिए नुकसानदायक' हो सकता है। अभिषेक ने कहा कि एआई उन्हें डराता है, और कहा कि वह इसके साथ बहुत कम्फर्टेबल नहीं हैं। अभिषेक ने एआई पर अपनी राय रखते हुए कहा, 'एआई मुझे डराता है। हर एक्टर को इससे डर लगना चाहिए। क्रिएटिव काम में एआई बहुत कुछ बदल देगा। अगर इसे सही तरीके से इस्तेमाल न किया जाए तो एक्टर्स के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है।

टीवी मसाला



## कीकू ने पत्नी प्रियंका के साथ किए राम लला के दर्शन

नई दिल्ली। कीकू शारदा इन दिनों अपनी कॉमेडी से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4' के जरिए ऑडियंस का दिल जीत रहे हैं। कीकू ने कॉमेडी शोज और एक्टिंग के जरिए खूब पॉपुलैरिटी हासिल की है। इस पॉपुलैरिटी और सक्सेस को वह फैमिली के साथ एन्जॉय करते हैं। इसके लिए वह भगवान का आभार भी जताते हैं। उन्होंने राम लला के दर्शन किए और तस्वीरें शेयर की हैं। कीकू शारदा की अयोध्या की इस आध्यात्मिक यात्रा में उनकी पत्नी प्रियंका शारदा भी रहीं। कीकू ने अयोध्या में रामलला, हनुमानगढ़ी के दर्शन और सरयू आरती के दौरान की तस्वीरें और वीडियो भी शेयर किया और एक आस्था से भरा नोट भी शेयर किया है। कीकू शारदा ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'अयोध्या में राम मंदिर की हमारी यात्रा आस्था, भावनाओं और गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव की यात्रा थी. राम मंदिर की भव्यता ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकी बारीक नक्काशी और दिव्य आभा सदियों की भक्ति और विश्वास को दर्शाती है।' कीकू शारदा ने आगे लिखा, 'राम लला के सामने खड़े होकर हमारे भीतर गहरी शांति थी, एक मौन प्रार्थना थी- कृतज्ञता. आशा और समर्पण की। वहां से हम पवित्र सीढ़ियां चढ़कर हनुमानगढ़ी पहुंचे। वहां की ऊर्जा शक्ति और सुरक्षा की थी। कीकू शारदा ने लिखा, भगवान हनुमान का मंदिर शक्तिशाली होने के साथ-साथ सुकून देने वाला भी लगा, जैसे यह याद दिला रहा हो कि आस्था कोमल भी है और साहसी भी।

### बेटियों को आईपीएस बनने के लिए किया प्रेरित

नई दिल्ली। मशहूर एक्ट्रेस और डायरेक्टर कविता चौधरी को दुनिया 'ललिता जी' और 'कल्याणी सिंह' के नाम से जानती है। भारतीय टेलीविजन की एक दमदार पहचान थीं। उन्होंने 'उड़ान' सीरियल के जरिए अपनी बहन (देश की दूसरी महिला IPS) की कहानी पेश करके लाखों लड़कियों को सिविल सेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने सर्फ के विज्ञापन में 'ललिता जी' बनकर एक समझदार महिला के रूप में खुद को स्थापित किया। एनएसडी से शिक्षित कविता ने कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद 2024 में दुनिया को अलविदा कह दिया, लेकिन उनका काम आज भी महिलाओं के लिए हौसले की मिसाल है। 80 के दशक का वो दौर याद कीजिए, जब टीवी पर एक साधारण सी साड़ी पहने महिला सब्जी वाले से मोलभाव करते हुए बड़े कॉन्फिडेंस के साथ कहती थी- 'भाई साहब, सस्ती चीज और अच्छी चीज में फर्क होता है।' वो आवाज थी कविता चौधरी की, जिन्हें दुनिया 'ललिता जी' के नाम से जानती थी। ललिता जी सिर्फ एक विज्ञापन का किरदार नहीं थीं, बल्कि उन्होंने हर भारतीय घर की उस समझदार महिला को पर्दे पर उतारा था जो पाई-पाई का हिसाब रखती है।



## रामायण के बाद रिलीज होगी लव एंड वॉर

*रणबीर कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच वह इंस्टाग्राम पर लाइव हुए। यहां उन्होंने फैंस से बातचीत की और अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में खास अपडेट्स शेयर किए। सेशन के दौरान, रणबीर कपूर ने कंफर्म किया कि 'रामायण' उनकी अगली रिलीज होने वाली फिल्म है। उन्होंने आगे बताया कि संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' उसके बाद रिलीज होगी।*



मुंबई। 'लव एंड वॉर' इस साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, रणबीर कपूर के स्पष्टीकरण के बाद अब इसके इस साल के आखिर में या अगले साल की शुरुआत में रिलीज होने की संभावना है। उम्मीद है कि यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। अपने अगले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए, रणबीर ने कहा कि 'ब्रह्मास्त्र 2' फैंस की उम्मीद से जल्दी रिलीज होगी। उन्होंने यह भी कहा कि संदीप वांगा रेड्डी की 'एनिमल पार्क' भी पाइपलाइन में है। रणबीर ने कहा कि अगर डायरेक्टर इम्तियाज अली जॉर्डन के लिए कोई स्क्रिप्ट दे पाते हैं तो उन्हें 'रॉकस्टार 2' में वापस आकर खुशी होगी। 'ये जवानी है दीवानी' के बारे में उन्होंने कहा कि फिल्म का अंत बहुत सुंदर था। उन्होंने इशारा किया कि भविष्य में इसी तरह की एक और फिल्म आ सकती है। संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' में रोमांस कहानी है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल हैं। बताया जाता है कि इसमें 1960 के दशक के एयर फोर्स अधिकारियों के बीच एक लव ट्राएंगल दिखाया जाएगा।

## भंसाली और मेहता साथ आए जय सोमनाथ के लिए मिलाया हाथ



मुंबई। संजय लीला भंसाली और केतन मेहता बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर हैं। अब यह दोनों निर्देशक फिल्म 'जय सोमनाथ' के लिए साथ आए हैं। इस ऐतिहासिक कहानी के जरिए भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य विरासत बड़े पर्दे पर उतरेगी। 'जय सोमनाथ' फिल्म का निर्माण भंसाली प्रोडक्शंस और माया मूवीज (केतन मेहता की प्रोडक्शन कंपनी) के बैनर तले किया जा रहा है। वहीं केतन मेहता इस फिल्म के लेखन और निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। 'जय सोमनाथ' फिल्म 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है। फिल्म 'जय सोमनाथ' की कहानी 1025-1026 ईस्वी के उस दौर में लेकर जाएगी। जब महमूद गजनी ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर पर हमला किया और उसे लूटा था। यह भारतीय इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो विनाश के बाद फिर से खड़े होने की ताकत को दिखाता है। सोमनाथ मंदिर की गौरव गाथा को इस फिल्म में दिखाया जाएगा। फिल्म 'जय सोमनाथ' संजय लीला भंसाली और केतन मेहता के लिए एक खास प्रोजेक्ट्स है। दरअसल, दोनों ही फिल्ममेकर गुजरात से ताल्लुक रखते हैं। वह सोमनाथ मंदिर के महत्व को, उसके इतिहास को अच्छे से समझते हैं। साथ ही दोनों एक उम्दा फिल्ममेकर हैं तो इस कहानी में जान डालने का काम बखूबी कर सकते हैं। सिनेमैटिक नजरिए भी यह फिल्म दर्शकों को चौंका सकती है।

### 80 साल पुरानी फिल्म को अपने ही देश में नहीं मिला था सम्मान

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में नीचा नगर ने लहराया था जीत का परचम

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल में से एक कान्स फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल लेवल फिल्मों को पेश किया जाता है। इसमें दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्रीज की मूवीज शामिल रहती हैं। अक्सर रेड कारपेट पर सेलेब्स की मौजूदगी को लेकर चर्चा का विषय बनने वाला कान्स उस वक्त अधिक सुर्खियों में रहा, जब एक हिंदी सिनेमा की फिल्म ने इस फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये रही कि उस मूवी को भारत देश में सराहना नहीं मिली थी और उसे एक फिसड्डी मूवी के तौर पर जाना गया।*



### कान्स जीतने वालीं पहली हिंदी फिल्म

इंटरनेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में बहुत कम बार देखा गया है कि किसी भारतीय फिल्म ने कामयाबी का स्वाद चखा हो। लेकिन, जब भी ऐसा हुआ है, वह अपने आप में ऐतिहासिक रहा है। ऐसा ही इतिहास 80 साल पहले आई हिंदी फिल्म नीचा नगर ने रचा था। 1946 में रिलीज होने वाली नीचा नगर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की पहली ऐसी फिल्म बनी थी, जिसने कान्स फिल्म फेस्टिवल में जीत का परचम लहराया था। दिग्गज अभिनेता देव आनंद के बड़े भाई चेतन आनंद ने नीचा नगर के जरिए अपने डायरेक्टोरियल करियर की शुरुआत की।

### देश में नहीं हुई थी रिलीज

आपको ये जानकर हैरानी होगी कि कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का नाम रोशन करने वाली नीचा नगर को देश के सिनेमाघरों में कभी रिलीज नहीं किया गया। इस मूवी को 80 के दशक में सीधा टीवी चैनल दूरदर्शन पर प्रसारित किया गया था। ऐसे में इंटरनेवल पर कामयाबी हासिल करने वाली इस मूवी को अपने ही देशवासियों ने वो सम्मान नहीं दिया, जिसकी वह वाकई में हकदार थी।

### फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी

इसके अलावा वेटरन एक्ट्रेस रहीं कामिनी कौशल ने भी इस फिल्म के जरिए बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में कदम रखा। कान्स फिल्म फेस्टिवल 1946 में आयोजित होने वाले कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस मूवी को ग्रैंड प्रिक्स डु फेस्टिवल इंटरनेशनल डु फिल्म पुरस्कार ने नवाजा गया था। फिल्म की कहानी सामाजिक मुद्दे पर बनी थी, जिसमें अमीर और गरीब तबके के बीच भेदभाव के संवेदशील विषय को दर्शाया गया था। नीचा नगर अपने आप में एक प्रभावशाली फिल्म रही थी।